हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 2, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 30 जून, 2023 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

## भ्रष्ट कांग्रेस के कई नेताओं ने खाई जेल की हवा : राजनाथ सिंह

### बीजेपी के किसी भी नेता के दामन में एक भी भ्रष्टाचार का नहीं लगा आरोप




यमुनानगर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हरियाणा दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने जगाधरी अनाज मंडी में आयोजित भारत गौरवशाली रैली में शिरकत की रैली में जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में अधिक भ्रष्टाचार था। कांग्रेस के शासन में कई घोटाले हुए, जिसके चलते कई नेताओं को जेल की हवा भी खानी पड़ी, लेकिन बीजेपी के किसी भी नेता के दामन में एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है।

**जनता के सामने झुकाया शीश**- रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत में कहा कि लंबे अर्से बाद यहां मैं आया हूं। इस स्थान पर यहां पहली बार आया हूं। मैं यह मानता हूं कि भारत की परंपरा है कि सम्मान दोनों तरफ से होना चाहिए। वहीं, उन्होंने शीश झुकाकर जनता को सम्मान दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सरकार के वादों पर कहा कि भाजपा ने अपने वादों को अक्षरश पूरा किया है। पहले यह होता था कि जनता से वादे किए जाते थे, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया जाता था। हमनें सभी वादों को पूरा किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब भारतीय जनसंघ के लिए कार्य कर रहे थे, तब भी कहा था कि धारा 370 को समाप्त कर देंगे। जब-जब चुनाव हुआ तब-तब इसे घोषणा पत्र में शामिल किया। उन्होंने कहा कि लोग कहते थे कि यह जनसंघ के वाले लोगों की आंखों में धूल झोंकते हैं। जब संसद के दोनों सदनों में हमारा बहुमत आया और हमनें क्षण भर की देर नहीं लगाई। बीजेपी सरकार ने चुटकी बजाकर धारा 370 को खत्म कर दिया।

**'पाकिस्तान में घुस कर किया आतंकियों का सफाया'**- रक्षा मंत्री ने सरकार की नौ साल की उपलब्धियां गिनवाते हुए पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान में की गई स्ट्राइक के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारे सुरक्षा के जवानों पर पाकिस्तान के आतंकियों ने हमला किया। प्रधानमंत्री मोदी ने तुरंत बैठक की और दस मिनट में ही फैसला कर लिया। उसके बाद सेना के जवानों ने पाकिस्तान की धरती पर जाकर आतंकियों का सफाया करने का काम किया।

**'घर में घुसकर दुश्मनों को मार सकता है भारत''**- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने दुनिया को संदेश दिया कि वह अब कमजोर नहीं है। वह घर में घुसकर भी मार सकता है। वहीं, उन्होंने यह भी कहा कि चाइना के साथ जो कुछ भी हुआ। सेना के जवानों ने शौर्य व पराक्रम का दिखाया। यह भारत की हैसियत व ताकत पूरी दुनिया में बनी है। राजनाथ सिंह ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में नेताओं की कथनी व करनी में अंतर होने की वजह से लोगों का विश्वास कम हो रहा था। भारत की राजनीति में पैदा हुए विश्वास के संकट को भाजपा ने चुनौती के रूप में स्वीकार किया। जो भाजपा ने कहा वहीं पूरा किया।

**कांग्रेस नेताओं पर भ्रष्टाचार का लगाया आरोप**- रक्षा मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार की बात करें तो इसे पूरी तरह से समाप्त करना सामान्य काम नहीं है। दावे के साथ कह सकता हूं भाजपा ने यह कामयाबी हासिल की है। उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार थी और उस दौरान पार्टी पर कई घोटालों का आरोप लगा है। उनके मंत्रियों को जेल की हवा खानी पड़ी थी, लेकिन बीजेपी के एक भी नेता के दामन पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी सरकार ने सांस्कृतिक विरासत को बचाने का काम किया है।

### देश में सबसे ज्यादा दूरी तय करेगी प्रयागराज-सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, 769 किमी. का होगा सफर

प्रयागराज। प्रयागराज से सहारनपुर के बीच चलाई जाने वाली वंदे भारत सीरीज की देश में सबसे ज्यादा लंबी दूरी तय करने वाली ट्रेन होगी। वाया लखनऊ होकर चलाए जाने वाली यह ट्रेन कुल 769 किमी. का सफर तय करेगी। वर्तमान समय सबसे लंबी दूरी तय करने वाली वंदे भारत वाराणसी से नई दिल्ली के बीच चल रही है। खास बात यह है कि वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत भी प्रयागराज के ही रास्ते संचालित हो रही है, जबकि सहारनपुर वंदे भारत भी प्रयागराज तक ही आएगी। पिछले सप्ताह ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सहारनपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में सहारनपुर से प्रयागराज के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का एलान किया। ट्रेन का लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद होकर चलना तकरीबन तय है। प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन से सहारनपुर तक यह रेलमार्ग कुल 769 किमी लंबा है। इस ट्रेन के संचालन की तिथि और शेड्यूल रेलवे बोर्ड द्वारा किसी भी दिन घोषित किया जा सकता है। प्रयागराज और सहारनपुर के लिए यह दूसरी वंदे भारत ट्रेन रहेगी। प्रयागराज से होकर से वाराणसी-नई दिल्ली एवं सहारनपुर के रास्ते देहरादून-आनंद विहार वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन मौजूदा समय हो रहा है।

## देश में जल्द लॉन्च की जाएंगी फ्लेक्स फ्यूल कारें 100 फीसद इथेनॉल से चलेंगे वाहन : गडकरी



नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि देश में सौ फीसद इथेनॉल से चलने वाले वहन अगस्त में लॉन्च की जाएंगी। उन्होंने कहा, "अगस्त से मैं इथेनॉल पर 100 प्रतिशत चलने वाले वाहन लॉन्च करूंगा। बजाज, टीवीएस और हीरो ने 100 प्रतिशत इथेनॉल पर चलने वाली मोटरसाइकिल बनाई हैं।" उन्होंने आगे कहा कि टोयोटा कंपनी की तरह 60 फीसदी इथेनॉल और 40 फीसदी बिजली से चलने वाली गाड़ियां भी मार्केट में लायी जाएंगी। उन्होंने कहा टोयोटा कंपनी की कैमरी कार 60 प्रतिशत पेट्रोल और 40 प्रतिशत बिजली से चलती है और इस कंपनी के माध्यम से हम इस तरह के और भी ऐसे वाहन लॉन्च करेंगे, जो 60 प्रतिशत इथेनॉल और 40 प्रतिशत बिजली से चलेंगे और ये देश में एक क्रांति की तरह होगी। उन्होंने कहा मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि हर किसी का काम हो जाए। मैंने राजनीति से परे हमेशा ऐसा किया है। भाजपा ने हमें सभी के साथ न्याय करना सिखाया है और यह हमें मजबूत बनाता है। मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं, लेकिन सरकार देश के लोगों की है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों में मैंने सड़क विकास पर राजानीति से हट कर के काम किया है। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है वहां के मुख्यमंत्री विकास परियोजनाओं पर चर्चा करने के लिए उनसे मिलने आते हैं। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी हाल ही के दिनों में मुझसे मिलने आईं और कई परियोजनाओं पर चर्चा की।

**लोगों का सेवा करना पहला कर्तव्य**- नितिन गड़करी ने कहा कि देश में सड़कें कई राज्यों से होकर गुजरती हैं। वहां पर कांग्रेस या फिर भाजपा का शासन हो सकता है। हालांकि, इसका मतलब ये बिल्कुल ही नहीं है कि कांग्रेस शासित राज्यों में विकास कार्यों को बंद कर देना चाहिए। देश में जो भी सड़कें बनती है वह यहां के लोगों के लिए है। मैं भाजाप का कार्यकर्ता हूं, लेकिन पहले भारत सरकार का मंत्री हूं और देश के लोगों की सेवा करना मेरा सबसे पहला जिम्मेदारी और कर्तव्य है।

### शहरकाजी बोले- समान नागरिक संहिता को नहीं करेंगे बर्दाश्त, मुसलमानों के लिए शरीयत पहले

मेरठ। देश में समान नागरिक संहिता ( कॉमन सिविल कोड ) को बर्दाश्त नहीं करेंगे। मुसलमान कुरान और शरीयत पर अमल करता है और करता रहेगा। बृहस्पतिवार को दिल्ली रोड स्थित शाही ईदगाह में बकरीद की नमाज के बाद तकरीर करते हुए शहरकाजी प्रोफेसर जैनुस साजिद्दीन सिद्दीकी ने समान नागरिक संहिता को सिरे से खारिज करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा हमारे देश में हर मजहब और हर जाति के लोग रहते हैं। ऐसे में देश में समान नागरिक संहिता जबरदस्ती लागू करना एकदम गलत है। इसका उलमा और मुसलमान खुलकर विरोध करते हैं।

## चंद्रशेखर से मिलने पहुंचे पहलवान बजरंग पूनिया व साक्षी मलिक, बोले- सच की लड़ाई लड़ने वालों पर हो रहे हमले



सहारनपुर। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद से मिलने पहुंचे अंतरराष्ट्रीय पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा कि आज सच की लड़ाई लड़ने वालों पर ही हमले हो रहे हैं। हमारी यही मांग है कि हमलावरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। बजरंग पूनिया लगभग पौने एक बजे जिला अस्पताल पहुंचे। मीडिया के सवालों पर बजरंग पूनिया ने कहा कि कि चंद्रशेखर किसी एक समाज के नहीं, बल्कि सर्व समाज के नेता हैं और सच की लड़ाई लड़ने वाले हर व्यक्ति के साथ खड़े रहते हैं। चाहे वह किसान आंदोलन रहा हो या फिर पहलवानों की लड़ाई। चंद्रशेखर ने हर बार खुलकर साथ दिया है। इसी नाते जब यह पता लगा कि उन पर जानलेवा हमला हुआ है तो वह भी अपने को रोक नहीं सके और मिलने यहां आए हैं। बजरंग के बाद साक्षी मलिक भी अस्पताल पहुंचीं। वे सीधे आइसीयू में गई हैं। साक्षी मलिक ने कहा कि यह हमला शर्मनाक है। पुलिस को तत्काल इस वारदात का राजफाश कर अपराधियों को गिरफ्तार करना चाहिए। चंद्रशेखर उनके साथी हैं। उन्होंने उनके आंदोलन में भी साथ दिया था। बता दें चंद्रशेखर आजाद पर हुए जानलेवा हमले के मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मिरागपुर गांव से संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार को भी कब्जे में लिया गया है। कार हमलावरों की है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस संबंध में कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं जिला अस्पताल में भर्ती घायल चंद्रशेखर का ब्लड प्रेशर घटने बढ़ने पर उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। वहीं, इस संबंध में एसएसपी विपिन ताडा का कहना है कि पुलिस टीमें जांच में लगी हैं, जल्द ही राजफाश किया जाएगा।

## रीवा पिकनिक पर जा रहे व्यापारियों की कार खाई में गिरी, तीन की मौत


प्रयागराज। शहर से करीब 98 किमी दूर रीवा के क्योटी वाटरफॉल में पिकनिक मनाने जा रहे शहर के व्यापारियों की कार 30 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में तीन की मौत हो गई, जबकि उनके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मध्य प्रदेश स्थित रीवा के गढ़ थानाक्षेत्र में देवास गांव के पास हुई। दोनों घायलों को संजय गांधी मेडिकल कॉलेज, रीवा में भर्ती कराया गया है। मृतकों में पंकज जायसवाल (46), मनीष जायसवाल (42) व शिवम जायसवाल (26) शामिल हैं। पंकज कीडगंज में विश्वामित्र सिनेमाहॉल के पास रहता था। जबकि मनीष मुट्ठीगंज बरगद वाली गली और शिवम कोठापार्चा, डी रोड पर रहता था। तीनों अपने छह अन्य साथियों के साथ बुधवार को क्योटी फॉल पिकनिक मनाने जा रहे थे। इनमें से पांच क्रेटा कार जबकि चार एक अन्य गाड़ी में सवार थे। दोपहर में एक बजे के करीब सभी लालगांव चौकी अंतर्गत देवास मोड़ पुलिया के पास पहुंचे थे, तभी आगे चल रही क्रेटा कार का चालक नियंत्रण खो बैठा और कार पुलिया से 30 फीट नीचे खाई में जा गिरी। घटना में शिवम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से कार के अंदर फंसे घायलों को बाहर निकाला गया और उन्हें सिरमौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, वहां से सभी को मेडिकल कॉलेज रीवा के लिए रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचने पर मनीष व पंकज को भी मृत घोषित कर दिया गया। रीवा एसपी विवेक सिंह ने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। साथ ही दो लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें संजय गांधी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दो अन्य का प्राथमिक उपचार कराया गया है। गढ़ टीआई सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि जिस वक्त हादसा हुआ, कार की गति बहुत ज्यादा थी।

## फेसबुक पेज से मिली थी चंद्रशेखर आजाद को धमकी, लिखा था- अमेठी के ठाकुर मारेंगे, वह भी बीच चौराहे




अमेठी। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद पर बुधवार को सहारनपुर में हुए जानलेवा हमले के बाद अमेठी में इंटरनेट मीडिया पर विवादित पोस्ट वायरल हुआ है। जिसे लेकर अमेठी पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। क्षत्रिय आफ अमेठी के नाम से फेसबुक आईडी से पोस्ट पर लिखा गया है कि चंद्रशेखर रावण को जिस दिन भी मारेंगे, अमेठी के ठाकुर मारेंगे, वह भी बीच चौराहे। वहीं एक दूसरी पोस्ट में लिखा गया है कि ह्यबच गया, अगली बार नहीं बचेगा। अमेठी के क्षत्रिय ऑफ अमेठी के नाम से बनाए गए फेसबुक पेज पर एक पोस्ट की गई, जिसमें भीम आर्मी के संस्थापक और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर को लेकर विवादित पोस्ट की गई और लिखा गया कि चंद्रशेखर रावण को जिस दिन भी मारेंगे अमेठी के ठाकुर मारेंगे। वह भी दिनदहाड़े बीच चौराहे पर। बुधवार को चंद्रशेखर पर हुए हमले के बाद उसी फेसबुक आईडी से एक और पोस्ट की गई थी। जिसमें लिखा गया कि ह्यभीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर रावण पर जानलेवा हमला, रावण के कमर में लगी गोली। बच गया, अगली बार नहीं बचेगा। वहीं इस पूरे मामले पर अमेठी पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन ने कहा कि वायरल पोस्ट संज्ञान में आया है और इस पूरे मामले पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर मामले की जांच शुरू की जा रही है। अमेठी जिला मुख्यालय गौरीगंज कोतवाली में इस मामले पर अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पोस्ट की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि चंद्रशेखर आजाद को लेकर अमेठी में पांच दिन पूर्व की गई थी फेसबुक पोस्ट, जिसमें जान से मारने की धमकी दी गई थी। जांच के बाद इस मामले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## समान नागरिक संहिता के परिणामों पर पुनर्विचार करे सरकार : फारूक अब्दुल्ला




जम्मू। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि केंद्र को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर जोर नहीं देना चाहिए और इसे लागू करने के परिणामों पर पुनर्विचार करना चाहिए। फारूक अब्दुल्ला ने हजरतबल में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान ये कहा। उन्होंने कहा, "उन्हें (केंद्र सरकार) इस बारे में दोबारा सोचना चाहिए। यह एक विविधतापूर्ण देश है, यहां विभिन्न नस्लों और धर्मों के लोग रहते हैं और मुसलमानों का अपना शरिया कानून है।" श्रीनगर से लोकसभा सदस्य ने कहा कि सरकार को यूसीसी लागू करने के परिणामों के बारे में सोचना और पुनर्विचार करना चाहिए। उन्हें इस सब पर विचार करना चाहिए और इसे आगे बढ़ाने के बजाय इसके परिणामों के बारे में सोचना चाहिए। कहीं ऐसा न हो कि तूफान आ जाए। उनकी टिप्पणी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यूसीसी के लिए कड़ी वकालत करने के दो दिन बाद आई है। फारूक अब्दुल्ला ने वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर आने वाले तीर्थयात्रियों का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा, "मैं यात्रा का स्वागत करता हूं। मैं अल्लाह से प्रार्थना करता हूं कि यह सफल हो और यात्री आशीर्वाद लेकर लौटें।"

## राहुल गांधी को नहीं मिली हिंसा प्रभावित इलाकों में जाने की इजाजत, वापस लौटे इंफाल

इंफाल। कांग्रेस नेता राहुल गांधी दो दिन के मणिपुर दौरे पर राजधानी इंफाल पहुंचे हैं। राहुल वहां के हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा करने के साथ कई नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात करने वाले हैं। इस बीच इंफाल से विष्णुपुर जाते समय राहुल के काफिले को पुलिस ने रोक दिया है। राहुल गांधी के काफिले के साथ कई और कांग्रेस नेता साथ जा रहे थे। काफिले को रोके जाने के बाद राहुल गांधी वापस इंफाल आ चुके हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि राहुल गांधी के काफिले को बिष्णुपुर के पास पुलिस ने रोक दिया है। उन्होंने कहा, पुलिस हमें इजाजत देने की स्थिति में नहीं हैं। राहुल गांधी का हाथ हिलाने के लिए लोग सड़क के दोनों ओर खड़े हैं। हम समझ नहीं पा रहे हैं कि उन्होंने हमें क्यों रोका है? राहुल गांधी को हिंसा प्रभावित इलाकों में जाने से रोके जाने पर कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आपत्ति जताई है। उन्होंने ट्वीट करते हुए मोदी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गांधी के काफिले को बिष्णुपुर के पास पुलिस ने रोक दिया। ह राहत शिविरों में पीड़ित लोगों से मिलने और संघर्षग्रस्त राज्य में राहत पहुंचाने के लिए वहां जा रहे हैं। पीएम मोदी ने मणिपुर पर अपनी



चुप्पी तोड़ने की जहमत नहीं उठाई है उन्होंने राज्य को अपने हाल पर छोड़ दिया है। केसी वेणुगोपाल ने आगे कहा कि मुझे नहीं पता कि पुलिस हमें अनुमति क्यों नहीं दे रही है। राहुल गांधी का यह दौरा प्रभावित लोगों से मुलाकात के लिए ही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमने करीब 20-25 किलोमीटर का सफर तय किया, लेकिन कहीं भी सड़क जाम नहीं हुई। राहुल गांधी कार के अंदर बैठे हैं। मुझे नहीं पता कि स्थानीय पुलिस को किसने निर्देश दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रास्ते में हिंसा की आशंका के चलते काफिले को रोका गया। उन्होंने कहा कि बिष्णुपुर जिले के उटलू गांव के पास राजमार्ग पर टायर जलाए गए और काफिले पर कुछ पत्थर फेंके गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, "हमें ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति की आशंका है और इसलिए एहतियात के तौर पर हमने काफिले को बिष्णुपुर में रुकने का अनुरोध किया।" कांग्रेस पदाधिकारी अपनी पार्टी के नेता के लिए सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और सेना अधिकारियों से बात कर रहे हैं। बता दें कि पूर्वोत्तर राज्य में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा में अब तक 100 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किए जाने के बाद 3 मई से वहां झड़पें हुई हैं।

## संपत्ति की लालच में ताऊ ने कराई भतीजे की हत्या, पुलिस को भ्रमित करने के लिए कटवाया था प्राइवेट पार्ट

घाटमपुर। शादी के तीन दिन पहले भतीजे की हत्या उसके ताऊ ने ही संपत्ति की लालच में कराई थी। इसके लिए ताऊ ने 1.60 लाख रुपये की सुपारी कानपुर देहात गजनेर के सुनील उर्फ छंगा को दी थी।पुलिस ने बुधवार को ताऊ समेत चार अरोपितों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी दक्षिण रवीन्द्र कुमार ने बताया कि घाटमपुर के इटर्रा ग्राम पंचायत के मजरा मोहनपुर निवासी 28 साल के परमेंद्र की शादी के तीन दिन पहले सात जून की देर रात हत्या कर दी गई थी। घटना में पुलिस की जांच को भ्रमित करने के लिए आरोपितों ने उसका प्राइवेट पार्ट भी काट दिया था। जिससे पुलिस की जांच आशनाई के बिंदू पर होने लगे, लेकिन पुलिस में जब जांच शुरू की और वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए तो हत्या का मास्टरमाइंड मृतक का ताऊ प्रताप नारायण उर्फ देशराज ही निकला। उसने अपने दोस्त घाटमपुर के चांदपुर निवासी राजबहादुर सिंह के जरिये उसके साढ़ू कानपुर देहात के गजनेर नारायणपुर निवासी सुनील उर्फ छंगा और उसके साथी दामोदर नगर निवासी बबलू उर्फ सुल्तान को परमेंद्र की हत्या करने की 1.60 लाख की सुपारी दी थी।हत्या की जांच को भ्रमित करने के लिए हत्यारे ने उसका प्राइवेट पार्ट भी काट दिया था। उसका शव आठ जून को तरगांव में मिला था। पुलिस ने चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी दक्षिण ने बताया कि आरोपित ताऊ नहीं चाहता था कि परमेंद्र के पिता को दहेज हत्या में जेल पर उसकी पैरवी की थी और परमेंद्र को पाला था,जिसका खर्च वह परमेंद्र की संपत्ति को हड़प कर वसूलना चाहता था। वह नहीम चाहता था कि उसकी शादी हो हो।इसके लिए वह काफी पहले हत्या की योजना बना चुका था,लेकिन सफल नहीं हो पा रहा था।इसपर उसने सुपारी देकर उसकी हत्या करा दी। हत्या के बाद परमेंद्र की बुआ ने देशराज को राजबहादुर के साथ भी देखा था।

## संपादकीय

# झूठे सम्मान के नाम पर समाज में पल रहे विद्रूप

गुजरात के सूरत जिले में अपनी पसंद के युवक से विवाह करने के बाद जिस तरह एक युवती की हत्या उसके भाई ने कर दी, वह एक बार फिर झूठे सम्मान के नाम पर समाज में पल रहे विद्रूप को ही दशार्ता है। इस घटना ने फिर से इस जरूरत को रेखांकित किया है कि अर्थव्यवस्था से लेकर तमाम मोर्चों पर विकास के दावे के बीच सामाजिक स्तर पर कायम पूर्वाग्रहों-दुराग्रहों को दूर करने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। सूरत के लिंबायत इलाके में एक युवती और उसके पड़ोस के युवक एक दूसरे को पसंद करते थे। लड़की के परिवार वालों की इच्छा के विरुद्ध दोनों ने आपसी सहमति से अदालत में विवाह कर लिया। हालांकि लड़के के परिवार के बीच इस संबंध को लेकर स्वीकार्यता थी और उन लोगों ने सामाजिक रीति-रिवाज से विवाह समारोह का आयोजन किया था। लेकिन लड़की के रिश्ते के एक भाई ने समारोह के बीच जाकर उस पर चाकू से हमला कर दिया। खबरों के मुताबिक, हत्या के आरोपी और लड़की के परिवार वालों को उसका जाति से बाहर विवाह करना नागवार गुजरा था। दरअसल, सामाजिक-आर्थिक हैसियत से बाहर किसी लड़की का अपनी पसंद से लड़के से विवाह और उस पर परिवार और समाज की ओर से मुखर आपत्ति ऐसा सवाल है, जो अमूमन हर स्तर पर विकास और आधुनिकता के बीच आज भी अक्सर बेहद अफसोसनाक शक्ल में उभर आता है। सरकार आए दिन सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों की घोषणा करती है, समाज सुधार के प्रयासों को लेकर भी दावे किए जाते रहते हैं, लेकिन सच यही है कि जाति और वर्ग के बीच सदियों से कायम एक त्रासद फांक को दूर करने में अब तक कामयाबी नहीं मिल सकी है। आखिर क्या वजह है कि किसी व्यक्ति के भीतर स्त्रियों और अन्य परंपराओं को लेकर रूढ़ धारणाएं इस कदर गहरे बैठी होती हैं कि इसमें वह बदलाव स्वीकार नहीं कर पाता है! शिक्षा-दीक्षा से लेकर रहन-सहन तक के मामले में ज्यादातर लोग उच्च गुणवत्ता की पढ़ाई-लिखाई और वक्त के साथ बदलते चलन के मुताबिक आधुनिक वेश-भूषा और जीवनशैली अपनाने की अपनी ओर से कोशिश करते हैं। मगर स्त्रियों, जाति और धर्म को लेकर कायम पितृसत्तात्मक जड़ता इस कदर हावी रहती है कि इस मुद्दे पर कुछ लोग न केवल सामाजिक बहिष्कार, बल्कि हिंसा और हत्या तक करने से नहीं हिचकते। किसी भी समाज के सभ्य और आधुनिक होने की कसौटी यही है कि वह किसी वयस्क युवा की पसंद या उनके अधिकारों का सम्मान करे। लेकिन ऐसा लगता है कि संवैधानिक या कानूनी तौर पर की गई व्यवस्थाओं के बावजूद समाज का एक बड़ा तबका आज भी मनोवैज्ञानिक रूप से न केवल विकृत रूढ़ियों से जकड़ा हुआ है, बल्कि इनके प्रभाव में वह आपराधिक हरकत भी कर बैठता है। यह समझना मुश्किल है कि महज अपनी पसंद से विवाह करने पर किसी युवती की हत्या करने से किस तरह का सम्मान बच जाता है। बल्कि ऐसा करने से होता यही है कि झूठे सम्मान के नाम पर आवेश में आकर हत्या करने वाले लोग अपना बाकी जीवन ऐसे अपराध की सजा काटते हुए बिताते हैं। सामाजिक विभाजन और मान्यताओं के सिरे से उपजी कुंठाएं कई बार विकृत होकर व्यक्ति को अमानवीय बना डालती हैं। इस सोच से संचालित लोग न कभी समाज को आधुनिक होने देते हैं, न ही अपना हित सुनिश्चित कर पाते हैं। जरूरत यह है कि सरकार सामाजिक विकास के लिए पूर्वाग्रहों-दुराग्रहों को दूर करने को लेकर नीतिगत पहल भी करे। अन्यथा झूठे सम्मान के नाम पर हत्याओं से समाज के आधुनिक और मानवीय मूल्यों पर सवाल उठते रहेंगे।

## गुटबाजी बर्दाश्त नहीं!



साफ है संदेश ।
आ रहा चुनाव ।।
ना आगे पसंद है ।
गुटबाजी का घाव ।।
पड़ जाए पछताना ।
ना करना वो काम ।।
कर देंगे दुरुस्त ।
दे रहे पैगाम ।।
गुटबाजी बर्दाश्त नहीं ।
ना देना स्थान ।।
समय बचा है अल्प ।
त्वरित अब निदान ।।
ना ले कोई चुटकी ।
है देना संदेश ।।
करना बंदोबस्त है ।
रहें भले परदेश ।।


–कृष्णेन्द्र राय

# अमेरिका के साथ हुए समझौतों से और तेज होगी भारत के विकास की रफ्तार

वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं चतुर्थ तिमाही के हाल ही में जारी किए गए भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास सम्बंधी आंकड़ों से यह आभास हुआ है कि भारत में आर्थिक विकास दर उम्मीद से कहीं अधिक रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत की रही है एवं जनवरी-मार्च 2023 की चौथी तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.1 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी है। जबकि अक्टूबर-दिसम्बर 2022 की तृतीय तिमाही में आर्थिक विकास दर 4.5 प्रतिशत की रही थी। भारत में आर्थिक विकास दर विभिन्न वित्तीय संस्थाओं द्वारा पूर्व में किए गए अनुमानों से कहीं अधिक रही है। निश्चित ही, वित्तीय वर्ष 2022-23 के आर्थिक विकास सम्बंधी आंकडें बेहद उत्साहजनक रहे हैं। भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर विश्व की अन्य समस्त बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर रही है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था बनी रही है। भारत ने आर्थिक विकास के मामले में चीन से दुगुनी रफ्तार हासिल कर ली है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकर अब 3.50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के ऊपर निकल चुका है।

हर्ष का विषय यह है कि कृषि के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23 में विकास दर 4.5 प्रतिशत की रही है जो वित्तीय वर्ष 2021-22 की 3.5 प्रतिशत की विकास दर से कहीं अधिक है। कृषि के क्षेत्र में तेज हो रही आर्थिक विकास दर से सीधे सीधे किसानों को लाभ हो रहा है, ग्रामीण क्षेत्रों के रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं, ग्रामीण इलाकों से शहरों की ओर पलायन कम हो रहा है एवं किसानों की आय में वृद्धि हो रही है, जिससे भारत में उत्पादित होने वाले उत्पादों का एक नया बाजार तैयार हो रहा है। इसी प्रकार सेवा क्षेत्र में भी आर्थिक विकास की दर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 11 प्रतिशत की रही है जो वित्तीय वर्ष 2021-22 की विकास दर 9 प्रतिशत की तुलना में कहीं अधिक है। सेवा क्षेत्र में तेज हो रही विकास दर के चलते शहरी क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर अधिक निर्मित हो रहे हैं। हां, अभी भी विनिर्माण क्षेत्र में विकास की दर को तेज होना शेष है। वर्तमान में देश के सकल घरेलू उत्पाद में उद्योग क्षेत्र का योगदान 17 प्रतिशत है, इसे 24 से 25 प्रतिशत तक आगे ले जाना आवश्यक है। यदि उद्योग क्षेत्र के योगदान को 25 प्रतिशत तक लाने में सफलता हासिल हो जाती है तो देश में भारी भरकम वेतन वाले रोजगार के करोड़ों नए अवसर पैदा हो सकते हैं।

इस दृष्टि से ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अमेरिका की यात्रा की है। इस यात्रा में उन्हें बहुत बड़ी सफलता भी हासिल हुई है। भारतीय प्रधानमंत्री ने अमेरिका में कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के कार्यपालन अधिकारियों से उनके द्वारा भारत में निवेश किये जाने के सम्बंध में सीधी बातचीत की है। गूगल कम्पनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुंदर पिचाई ने घोषणा की है कि गूगल कम्पनी भारत में 1,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी। साथ ही, टेस्ला कम्पनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एलन मस्क ने भी भारतीय प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद दिए गए अपने एक बयान में बताया है कि उनकी कम्पनी भारी भरकम राशि का निवेश शीघ्र ही भारत में करने जा रही है एवं इस सम्बंध में वे स्वयं भी वर्ष 2024 में भारत की यात्रा करने वाले हैं। अमेरिकी



एयरोस्पेस कम्पनी बोईंग ने भी शीघ्र ही भारत में 800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की घोषणा की है। इस निवेश से भारतीय इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार और पायलट ट्रेनिंग का काम किया जाएगा। दरअसल, भारत में स्किल्ड पायलटों की मांग लगातार बढ़ रही है और अगले 20 वर्षों में देश में करीब 31,000 नए पायलटों की आवश्यकता होगी। इस कमी की पूर्ति करने में बोईंग द्वारा किए जा रहे निवेश से भारत को बहुत सहायता मिलेगी। अमेरिकी ई-कामर्स कम्पनी अमेजन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एंडी जैसी ने भी घोषणा की है कि अमेजन कम्पनी शीघ्र ही भारत में 1,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी। कम्पनी पहले ही भारत में 1,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश कर चुकी है, अब कम्पनी का भारत में कुल निवेश बढ़कर 2,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा।


इसी प्रकार, भारत और अमेरिका के बीच जेट इंजन के निर्माण की इकाई स्थापित करने पर भी सहमति बन गई है। इस सम्बंध में भारत की ओर से हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स कम्पनी ने एवं अमेरिका की ओर से जनरल इलेक्ट्रिक कम्पनी ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये है। इससे भारत में ही निर्मित हो रहे तेजस विमान के इंजन को भी अपग्रेड किया जा सकेगा। अमेरिका भारत को अतिआधुनिक एवं शक्तिशाली एमक्यू-9बी ड्रोन भी उपलब्ध कराने को तैयार हो गया है। अमेरिका 60,000 भारतीय इंजीनियरों को सेमीकंडकर सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से ट्रेनिंग देने के लिए भी सहमत हो गया है। अर्थात, इस सम्बंध में उच्च तकनीकी भारतीय इंजीनियरों को उपलब्ध करायी जाएगी। मैक्रोन नामक कम्पनी भारत में ही ड्रोन निर्माण हेतु एक इकाई की स्थापना भी करने जा रही है, इसके निर्माण पर मैक्रोन कम्पनी द्वारा भारी भरकम राशि का निवेश भारत में किया जाएगा।

अमेरिका ने भारतीय स्टील एवं अल्यूमिनियम के आयात पर लगने वाले अतिरिक्त शुल्क को समाप्त करने का निर्णय लिया है। इससे अब अमेरिकी बाजार में भारतीय स्टील और अल्यूमिनियम पहले की तुलना सस्ते हो जाएंगे एवं इससे भारत में निर्मित स्टील उत्पादों की मांग अमेरिकी बाजार में बढ़ जाएगी। भारतीय स्टील उद्योग को इससे बहुत फायदा होने की सम्भावना बन गई है। अमेरिका की विभिन्न कम्पनियों द्वार भारत में किये जाने वाले उक्त वर्णित भारी भरकम राशियों के निवेश से भारत में विनिर्माण क्षेत्र में विकास दर को निश्चित ही बल मिलेगा एवं भारत के कुल सकल उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की भागीदारी में सुधार होगा। भारत में जनवरी-मार्च 2023 तिमाही में सकल स्थायी पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) की दर भी उत्साहजनक स्तर 35 प्रतिशत रही है एवं पूरे वित्तीय वर्ष 2022-23 में 29 प्रतिशत रही है। इसका आशय यह है कि भारत में निवेश के क्षेत्र में सुधार दृष्टिगोचर है, जो आगे आने वाले समय के लिए आर्थिक विकास दर को और अधिक तेज करने में सहायक होने जा रहा है। वर्तमान में पूंजी निवेश की दर में वृद्धि केंद्र सरकार द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में किए जा रहे भारी भरकम राशि के निवेश के चलते हो रही है परंतु अब चूंकि औद्योगिक इकाईयों की कुल उत्पादन क्षमता का 74 प्रतिशत से अधिक उपयोग होने लगा है अतः अब निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा भी भारत में अपने निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा, इससे शीघ्र ही सकल स्थायी पूंजी निर्माण की दर में और अधिक सुधार दिखाई देने लगेगा।

# आस्था से खिलवाड़ बना विवादों का कारण

हाल ही में आई एक फिल्म आदिपुरुष के स्तरहीन संवादों ने एक बार फिर यह सोचने को मजबूर कर दिया है कि क्या केवल हल्के मनोरंजन के लिए आस्था से खिलवाड़ किया जा सकता है! फिल्म में प्रयुक्त भाषा पर विवाद का वातावरण बनने पर पहले तो इसके निमार्ता आनाकानी करते रहे, लेकिन फिर उन्होंने कहना शुरू किया कि फिल्म आदिपुरुष रामायण से प्रेरित अवश्य हैस लेकिन रामायण पर आधारित नहीं है। इसके बाद भी विवाद नहीं थमा तो लेखक ने विवादित संवादों में संशोधन करने की घोषणा कर दी। देश भर में कई धार्मिक संगठनों ने सड़कों पर उतर कर आदिपुरुष का विरोध प्रारंभ कर दिया। आपत्तिजनक संवाद लेखकों को उनकी ही भाषा में धमकियां भी दी गईं। इन सबके चलते मुंबई पुलिस द्वारा फिल्म के लेखक और निमार्ता को सुरक्षा भी प्रदान की गई। इस दरमियान पड़ोसी देश नेपाल से भी इस फिल्म के विरोध और इसका प्रदर्शन रोकने के समाचार मिल रहे हैं। इसका संदेश साफ है कि भारतीय समाज को धर्म और आस्था के साथ किसी तरह का खिलवाड़ मंजूर नहीं है। समाज केवल सुसभ्य धार्मिक फिल्मों या धारावाहिकों को देखना पसंद करता है और उन्हें स्वीकार करता है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण रामानंद सागर निर्मित धारावाहिक रामायण और बीआर चोपड़ा निर्मित धारावाहिक महाभारत हैं। जब दूरदर्शन पर इनका प्रसारण होता था तो सड़कों पर सन्नाटा छा जाता था। पूर्व में जय संतोषी मां और संपूर्ण रामायण जैसी अनेक धार्मिक फिल्में भी प्रदर्शित हुईं, जिन्हें देखने के लिए लोग चप्पल-जूते उतारकर सिनेमा हाल में प्रवेश किया करते थे।आस्था आज भी उतनी ही मूल्यवान है। लेकिन धार्मिक फिल्मों की एक निर्धारित सीमा है। प्रत्येक अभिव्यक्ति की मयार्दा है, जिसका पालन हर एक के लिए जरूरी है।

आस्था से खिलवाड़ हमेशा विवादों का कारण बनता है। गुणवत्ता और उत्कर्ष श्रेणी का अपना महत्त्व है, जिसे कभी भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बहरहाल, स्तरहीन धार्मिक फिल्मों का निर्माण करते समय निमार्ताओं और लेखकों को हमेशा धार्मिक मान्यताओं और लोगों की आस्था से जुड़े मूल्यों का समुचित आदर करना चाहिए, सम्मान करना



चाहिए। साथ ही, केंद्रीय सेंसर बोर्ड को भी संवेदनशील विषयों पर बनाई गई फिल्मों को प्रसारण की अनुमति देते समय सर्वोच्च विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए। कर्नाटक के एक कालेज से शुरू हुआ हिजाब का मुद्दा आज भी देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। सवाल है कि कर्नाटक सरकार ने हिजाब को स्कूल और कालेज में पहने से रोक लगाया था तो दोबारा से यह चर्चा का विषय क्यों बन गया हैं? कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनने पर शिक्षण संस्थानों में हिजाब प्रतिबंध के मसले पर भाजपा के रुख पर कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे का कहना है कि जो कर्नाटक की आर्थिक नीतियों को प्रतिगामी बनाता हो, जो बिल राज्य की छवि का धूमिल बनाता हो या फिर राज्य की आर्थिक नीतियों में उसका कोई इस्तेमाल न हो और फिर जो बिल किसी व्यक्ति के अधिकारों का हनन करता हो, उन सभी की समीक्षा की जाएगी और जरूरत पड़ने पर उसे खारिज भी किया जाएगा। अब सवाल यह पैदा होता है कि अगर जब भाजपा ने अपने कार्यकाल के दौरान हिजाब पर पाबंदी लगाई थी तो अब इस पर विचार करने का आग्रह क्यों? क्या सचमुच भाजपा धार्मिक स्वतंत्रता बहाल करना चाहती है? हिजाब को शिक्षण संस्थानों में पहनना चाहिए या नहीं पहनना चाहिए, यह फैसला हम नहीं कर सकते है। लेकिन इतना जरूर जानते हैं कि अगर अनुच्छेद 25 यानी धार्मिक स्वतंत्रता को बढ़ावा, स्वतंत्र रूप से किसी धर्म को मानना, अभ्यास करना और प्रचार प्रसार करने का अधिकार शामिल है तो इस नजरिए से हिजाब को लेकर आपत्ति गैरजरूरी है।सवाल यह है कि अगर इसे लागू किया जाता है तो फिर ऐसा भी तो हो सकता है कि फिर सभी अपने धर्म के कपड़े या चिह्न पहन कर आने लगें ऐसे में शिक्षण संस्थानों का कोई महत्त्व नहीं रह जाएगा।

हम सभी जानते हैं कि बच्चों का मानसिक विकास ज्यादातर स्कूल से ही शुरू होता है। अगर बच्चे वहीं धार्मिक बटवारे को देखेंगे तो आगे चल कर वे भी दूसरे धर्म के लोगों से दूरी बरतने लगेंगे। अगर वहीं हम दूसरे पहलू की बात करें तो अगर हम हिजाब को शिक्षण संस्थानों में पहनने से रोक लगाते हैं तो यह मौलिक अधिकारों का हनन होगा और जिन मुसलिम महिलाओं के घर वाले कट्टरवादी होंगे वह अपनी बेटियों को स्कूल और कालेज जाने से रोकेंगे। ऐसे में उन लड़कियों का भविष्य खराब होगा। यह मुद्दा ऐसा है कि जिस पर न कोई एक सरकार, न ही कोई एक पार्टी और न ही कोई एक व्यक्ति अकेले फैसला ले सकता है। इस पर सोच-समझ कर फैसला लेने कि जरूरत है। इस मुद्दे पर सरकार और अदालत को एक ऐसा फैसला निकालना चाहिए, जिससे किसी की धार्मिक स्वतंत्रता का हनन न हो और धर्म की जगह विवेक की बात हो। आज 29 जून को भारत के ख्यातनाम वैज्ञानिक और सांख्यिकीविद प्रशांतचंद्र महालानोबीस की एक सौ अट्ठाईसवीं जयंती देश में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाई जा रही है। उन्हें भारत के द्वितीय पंचवार्षिक योजना का मसविदा तैयार करने के लिए जाना जाता है। सांख्यिकी के क्षेत्र में वे अपनी खोज महालानोबीस दूरी के लिए प्रसिद्ध हैं, जो एक सांख्यिकीय माप है। महालानोबीस का सर्वश्रेष्ठ योगदान उनके नमूना सर्वेक्षण की संकल्पना है, जिसके आधार पर आज के युग में बडी-बडी नीतियां और योजनाएं बनाई जा रही हैं। 1931में उन्होंने कोलकाता में भारतीय सांख्यिकी संस्थान की स्थापना की, जहां सांख्यिकी की पढ़ाई और संशोधन कार्य होता है।

# अमेरिका की धरती से प्रधानमंत्री ने भारत विरोधी ताकतों को दिया कड़ा संदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अभूतपूर्व और ऐतिहासिक अमेरिका यात्रा पूर्ण हो चुकी है। इस यात्रा और यात्रा सम्बंधित समस्त कार्यक्रमों पर पूरे विश्व की दृष्टि थी। अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत का प्रत्येक क्षण भारतवासियों के लिए गर्व का क्षण था।

यह यात्रा दोनों देशों के बीच मित्रता का एक नया स्वर्णिम अध्याय प्रारम्भ करने वाली रही है। इस यात्रा से जहाँ एक ओर भारत के शत्रु देशों चीन व पाकिस्तान को कड़ा सन्देश दिया गया है वहीं दूसरी ओर उन ताकतों को भी सन्देश दे दिया गया जो अल्पसंख्यकों के हितों, मानवाधिकार, अभिव्यक्ति की आजादी आदि विषयों को लेकर तथ्यहीन समाचार प्रसारित कर भारत व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि बिगाड़ने का प्रयास करते रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में ऐतिहासिक योग सत्र का नेतृत्व करते हुए आरम्भ हुई। यहीं से अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय संस्कृति की लोकप्रियता का आभास होने लगा। न्यूयॉर्क में आयोजित कार्यक्रम में मोदी जी के साथ योग करने के लिए वहां के लोगों का उत्साह अद्भुत था। योग कार्यक्रम में ॐ सहित संस्कृत श्लोकों का भी उद्घोष किया गया यह भारतीय संस्कृति व योग के लिए गौरवशाली पल थे। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों का प्रतिफल है कि आज योग पूरे विश्व में



छा गया है और विश्व को एक सूत्र में बाँध रहा है।

अमेरिका यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका की कई महत्वपूर्ण हस्तियों से भेंट की, सबसे प्रमुख कार्यक्रम के रूप में अमेरिकी संसद को सम्बोधित किया तथा अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ द्विपक्षीय वार्ता और उसके बाद आयोजित प्रेस वार्ता की। यात्रा के अंतिम चरण में उन्होंने रोनाल्ड रीगन सेंटर में अमेरिका में बसे भारतीयों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के सकारात्मक परिणाम अभी से ही सामने आने लगे हैं। अपनी यात्रा के अंतिम पड़ाव में प्रधानमंत्री ने बताया कि अमेरिका ने भारत की उन 100 प्राचीन मूर्तियों व धरोहरों को वापस लौटाने का निर्णय लिया है जो विगत 70 वर्षों में किसी न किसी माध्यम से अमेरिका व अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहुंचा दी गयी थीं। इसके अतिरिक्त भारत और अमेरिका के मध्य रक्षा, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, विनिर्माण को बढ़ावा देने और औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए हुए समझौतों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक मुद्दों पर दोनों देशों के रुख में समानता है और उनके बढ़ते सम्बंध "मेक इन इंडिया और "मेक फार द वर्ल्ड से जुड़े प्रयासों को बढ़ावा देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि, "भारत लोकतंत्र की जननी है तो "अमेरिका आधुनिक लोकतंत्र का चैपिंयन और विश्व इन दो महान लोकतंत्रों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत होता देख रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय दोनों देशों के संबंध की वास्तविक क्षमता को साकार करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। यह भारत में अधिक से अधिक निवेश करने का उपयुक्त समय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम साथ मिलकर न सिर्फ नीतियां और समझौते तैयार कर रहे हैं बल्कि हम जीव, सपनों और नियति को भी आकार दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश बेहतर भविष्य के लिए ठोस कदम उठा रहे हैं। अमेरिका में बसे भारतीयों को संबोधित करते हुए जब प्रधानमंत्री ने बताया कि अब एच-1 बी वीजा का नवीनीकरण अमेरिका में ही हो जाएगा तो वहां पर उपस्थित जनसमुदाय प्रसन्नता से झूमा और मोदी-मोदी के गगनभेदी के नारों से गूंज उठा। अमेरिका में रह रहे भारतीयों को अब अपने कार्य हेतु वीजा एच1 बी वीजा का नवीनीकरण कराने के लिए भारत नहीं आना पड़ेगा और वह अमेरिका में ही अपनी नौकरी जारी रखकर यह कार्य करवा सकेंगे। इस निर्णय से अमेरिका के इंजीनियरिंग व दूसरे उच्च प्रौद्योगिकी में काम करने वाले भारतीयों को सुविधा होगी। आगे चलकर यह सुविधा एल वीजा धारकों के लिए भी हो सकेगी।


## भाकपा माले ने की भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर रावण पर जानलेवा हमले की निंदा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को भाकपा माले ने भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर रावण पर सहारनपुर में जानलेवा हमले की कड़ी निंदा किया है। पार्टी ने मांग की है कि घटना को अंजाम देने वाले अपराधी फौरन गिरफ्तार किये जायें और मामले की उच्च स्तरीय जांच हो। भाकपा माले जिला सचिव कामरेड शशीकांत कुशवाहा ने जारी बयान में कहा कि योगी सरकार की कानून व्यवस्था फेल है। प्रदेश में अपराध-मुक्त माहौल होने के सरकार के दावों को अपराधी अंगूठा दिखा रहे हैं। दलितों, महिलाओं पर हमलों की बाढ़ आई है। अब दलित नेताओं की हत्या की कोशिश हो रही है। चंद्रशेखर पर गोलियों से हुआ हमला यही दिखाता है। इसके पहले पुलिस अभिरक्षा में प्रयागराज में दोहरा हत्याकांड हो चुका है। प्रदेश में कानून नहीं आतंक का राज है।

## हास्य कविता

### कैसे बताऊँ?

गंगेश्वर सिंह, मलावी ।



क्या बताऊँ, कैसे बताऊँ?
मुझे घर आते हुये,
टकड़ा गई वो,
उस मोड़ पे,
मुझसे घर आते हुये ,
उपर से, ठण्ड का आलम,
उपर से बदन पे,
उसके कपड़े कम,
बैठा लिया तरस कर गाड़ी में
घर आया ख्यालों में खोया हुआ,
खाना खिलाया,
थपकी दे कर सुलाया,
ये रात कैसे कटी,
किस किस को बताऊँ?
कि बात कैसे बनी,
या नही,
क्या क्या सुनाऊँ?
सुबह आँख खुली तो,
विस्तर पसीनो से नम था,
जेब खाली था,
और वो गायब थी,
क्या बताऊँ, कैसे बताऊँ?

# बिछुड़ रहे हैं बारी-बारी...

## हमारे ब्रांड एम्बेसडर रविन्द्र 'अभ्भी' जी नहीं रहे

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के पांच ब्रांड एम्बेसडर हैं जो वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब की महक हर तरफ फैलाते रहे हैं। यह हमारे क्लब की शान होते हैं। पिछले दिनों हमारे बड़े ही आदरणीय, सबके प्यारे व सबके दिलों में


श्रीमती किरण चोपड़ा



बसने वाले बांड एम्बेसडर जो पहले दिन से नोएडा ब्रांच से जुड़े थे, का कैंसर से बड़ी बहादुरी से लड़ते हुए स्वर्गवास हो गया। हमारे सारे वरिष्ठ नागरिक परिवार में शोक की लहर छा गई। मैं उस समय माता वैष्णो देवी के दर्शन करने गई हुई थी। मुझे तो विश्वास ही नहीं हुआ, 14 तारीख को उनसे अच्छे से बात हुई, उनके लिए आर्टिकल लिखा, उन्होंने अपने बेटे के साथ अच्छी फोटो खींच कर भेजी। बस यही बात है कि वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब का काम बहुत मुश्किल है क्योंकि मुझे प्रत्येक सदस्य से बहुत लगाव हो जाता है। यह तो हमारे ब्रांड एम्बेसडर थे, हर प्रोग्राम में सक्रिय रूप से भाग लेते थे। हर कार्यक्रम की शान होते थे। सरस्वती माता उनके कंठ में विराजमान थी। वह देशभक्ति, धार्मिक व फिल्मी गीत अपनी मधुर व लयबद्ध स्वरों से प्रस्तुत कर छाये रहते थे। उनकी ब्रांच हैड अंजू कश्यप के अनुसार वो कभी किसी भी बात में पीछे नहीं रहते थे यदि ब्रांच में जन्मदिन हो या अन्य कार्यक्रम यहां तक कि लंच होता तो वह हमेशा दही लेकर आते थे, उनका बेटा परिचय उनके आखिरी दिनों में भी उन्हें कार में छोड़ने और लेने आता था। बेटा उनका अभिमान था, बहुत सेवा की उसने जब मेरी उनसे आखिरी बार बात हुई तो बेटे के साथ चैकअप कराने जा रहे थे तो उन्होंने बड़े गर्व से बताया कि उनका बेटा परिचय उनकी बहुत सेवा करता है। यही नहीं अभी जी अपने भाई- बहनों में सबसे बड़े थे और उन्होंने ही अपने भाई-बहनों की शादी की। जब उनसे मैंने बात की तो उनके

> *वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब का काम बहुत मुश्किल है क्योंकि मुझे प्रत्येक सदस्य से बहुत लगाव हो जाता है। यह तो हमारे ब्रांड एम्बेसडर थे, हर प्रोग्राम में सक्रिय रूप से भाग लेते थे। हर कार्यक्रम की शान होते थे। सरस्वती माता उनके कंठ में विराजमान थी। वह देशभक्ति, धार्मिक व फिल्मी गीत अपनी मधुर व लयबद्ध स्वरों से प्रस्तुत कर छाये रहते थे।*

हिसाब से तो उनके पिता चले गए। भारत भूषण जी कह रहे थे कि अंगुली पकड़ कर उन्होंने चलना सिखाया था। उनके छोटे भाई विजेन्द्र जी भी हमारे सदस्य हैं, यहां तक कि अभी जी की पत्नी ऊषा जी भी हमारी सदस्य थी जिनका 13 साल पहले देहांत हो गया था। उनके बाद तो अभी जी ने बहुत समय वरिष्ठ नागरिक क्लब के साथ ही बिताया। हम दुबई-सिंगापुर गए वहां भी उन्होंने धूम मचाई। यहां तक कि फैशन शो में उनकी जोड़ी उनके भाई के साथ क्या खूब जमी थी। सबका ध्यान रखना, सबके साथ प्यार से बोलना, सबके साथ मिलकर रहना उनकी खूबी थी। सब पूछेंगे तो वह वरिष्ठ नागरिक के मजबूत स्तम्भ थे, चाहे वो 80 साल के हो गए थे तब भी मैं एक फोन करती तो वह बहुत एक्टिव होकर प्रोग्राम में हिस्सा लेते थे। उनके बेटे परिचय के अनुसार मेरा फोन उनके लिए रामबाण था। वो कहता है कि मैंने कई बार कहा डेडी आपकी तबियत ठीक नहीं तो वह झट से उन्हें कहते थे कि यह फोन मेरी ताकत है और जिन्दगी में जब तक आप जिन्दा हो आपको एक्टिव रहना चाहिए और जब तक मेरी उम्र है तब तक मैं अपने हाथ से अपने सब काम खुद कर सकूं। उनकी बहू नीलम ने भी उनकी खूब सेवा की। वो अपना एक अच्छा सम्मानजनक व सामाजिक जीवन 80 साल तक जीवित रहकर व्यतीत करके गए हैं, हमें मालूम है कि हम सबने एक दिन जाना है परन्तु कई लोग ऐसे होते हैं जो अपने अच्छे कर्मों, व्यक्तित्व से आपके दिलो-दिमाग में अमिट छाप छोड़ जाते हैं 'अभ्भी' जी उनमें से एक हैं।

## बुजुर्गों की सलाह बना सकती है आपकी जिंदगी आसान



एक इंसान की जिंदगी सीधी ना हो कर काफी टेढ़ी- मेढ़ी होती है। जिस इंसान की जिंदगी में कोई झुकाव नहीं आता, उस इंसान को असली जिंदगी का पाठ कभी सीखने को नहीं मिल पाता। जमाना बड़ी तेजी के साथ बदलता जा रहा है, जिसे बिना अपने बुजुर्गों की सलाह लिये एक कदम भी उठाना समझदारी की बात नहीं होगी। हम अपने बुजुर्गों को घर में हमेशा खाली बैठे देख, केवल उनका मजाक उडाते हैं, जो कि बिल्कुल भी सही बात नहीं है। अगर आपको जिंदगी में बहुत आगे बढ़ना हो तो उनके साथ कुछ मिनट बैठ कर जीवन की चर्चा करें। ऐसे में आप पाएंगे कि उन्हें जिंदगी जीने का कितना ज्यादा तर्जुबा हो चुका है और वे आपकी कितनी ज्यादा मदद कर सकते हैं। तो दोस्तों चलिये जानते हैं कि आप अपने दादा जी से ऐसा क्या सीख सकते हैं, जो आपको जिंदगी को आसान बना सकता है।

**बुजुर्गों से सीखिये ये बड़ी-बड़ी सीख**

**जिंदगी का अनुभव**

जिस तरह से वे आपको यह बता सकते हैं कि वे किस तरह से मुसीबतों का सामना करते थे, यह अनुभव कोई और नहीं बता सकता।

**लोगों से कैसे डील करें**

जिंदगी में आपको तरह तरह के लोग मिल जाएंगे, जिनमें से कुछ अच्छे होगें और कुछ से मिल कर आप तौबा कर लेगें। बुजुर्गों ने पूरी दुनिया देखी है और उन्हें पता है कि किस प्रकार के लोगों के साथ कैसा व्यावहार करना चाहिये।

**अपनो को खो देने का दर्द**

यह बहुत ही जरुरी जिंदगी का सबह है जो आपको उनसे जरुर सीखना चाहिये। वे भी इस जिंदगी के दुखद पड़ाव से जरुर एक बार गुजर चुके होगें। आपकी नानी या दादा जी भी आपको साहस और आशा प्रदान कर सकते हैं।

**जिंदगी में पछतावा ना करना**

हम में से कई लोग समय पर सही निर्णय नहीं ले पाने या फिर किसी अपने से खराब तरीके से बोल देने के कारण बहुत पछताते हैं और खुद को कोसते चले जाते हैं। लेकिन अगर बुजुर्गों का सहारा लेकर इस परेशानी को दूर किया जाए तो यह समस्या भी दूर हो सकती है।

**सबसे ज्यादा अहमियत**

जिंदगी में हमें करने के लिये इतना कुछ है कि हम यह भूल जाते हैं कि हम किस चीज को सबसे ज्यादा अहमियत दें। यह बात आप बूढ़े लोगों से सीख सकते हैं कि जिंदगी में हमेशा सबसे पहले किस इंसान या फिर किस काम को सबसे ज्यादा अहमियत देनी चाहिये।





## बढ़ती उम्र के साथ सेहत का ध्यान रखना है बहुत जरूरी

जैसे कि हम सभी उम्र और सेहत के सम्बन्ध से अच्छी तरह वाकिफ हैं। ये जानते हुए भी हम इस ओर ध्यान नहीं देते है तथा लापरवाही बरतते है। कभी कभी हमारा अच्छा खाना और आरामदायक लाइफस्टाइल इन दोनों के रिश्ते को पूरी तरह से बिगाड़ने का काम करती है। जिसका असर हमारे स्वास्थ्य पर काफी तेजी के साथ होता है। दिनों-दिन बढ़ती उम्र के साथ-साथ सेहत में भी गिरावट आने लगता है तथा जिसमे बरती गई थोड़ी सी भी लापरवाही कई प्रकार की नई बीमारियों को जन्म दे सकती है। यदि वहीं हम इस ओर ध्यान देकर बुढ़ापे में आने वाली समस्याओं के प्रभाव को काफी हद तक कम कर सकते है। बढ़ती उम्र के साथ बॉडी के अंग भी कमजोर हो जाते है जिससे बुजुर्गों को पाचन-तंत्र संबंधी होने वाली समस्याएं भी बहुत परेशान करती हैं। आमतौर पर उन्हें जिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है, उनमें कब्ज, पेट में गैस और सीने में जलन आदि प्रमुख हैं। इन परेशानियों का एक प्रमुख कारण यह भी है कि दांतों और जबड़ों की कमजोरी के कारण बुजुर्ग ढंग से चबाकर नहीं खा पाते, इससे उनके सलाइवा में भोजन को पचाने में सहायक जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स नहीं बन पाते। बढ़ती उम्र के साथ सांस कि समस्या भी बढ़ जाती है। जिसके कारण बुजुर्ग व्यक्ति खाना खाते समय मुंह खुला रखते है। जिसके कारण खाने के साथ-साथ हवा भी अंदर प्रवेश करती है। जिससे कि आंतों के कार्य करने की गति धीमी हो जाती है। इसके अलावा हमारे भोजन की नली और आंत के बीच एक वन-वे वॉल्व होता है, जो कि एक ही तरफ खुलता है। उम्र के बढ़ने साथ यह वॉल्व ढ़ीला पड़ जाता है और यह दोनों तरफ खुलने लगता है। इससे थोड़ा खाना आंतों के अंदर जाता है और थोड़ा बाहर वापस आ जाता है। इन्हीं कारणों से बुजुर्गों को बार-बार डकार आने और बदहजमी जैसी समस्याएं होती हैं। इसके लिए जरुरी है, कि ज्यादा पानी पीएं और फाइबर युक्त चीजें जैसे दलिया, ओट्स, पपीता, अनार, अमरूद, सेब और संतरा जैसे फलों का नियमित रूप से सेवन करें। तैली खाना और जंक फूड से दूरी बनांए रखना अतिआवश्यक है। सुबह शौच जाने से पहले भी अच्छी मात्रा में पानी पीकर कुछ देर टहलने की आदत डालें। इससे आपको प्रेशर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



## संक्षिप्त खबरें

### द मर्सी क्लब ने लगाया नमाजियों तथा राहगीरों के लिए प्याऊ, पिलाया गया ठंडा पानी व शरबत




प्रखर जौनपुर। ईद उल अजहा के मुबारक मौके पर नगर के शाही पुल के नजदीक द मर्सी क्लब ने एक प्याऊ का इंतजाम किया जिसमें इस भीषण गर्मी को देखते हुए आने जाने वाले राहगीरों तथा नमाजियों को शरबत पिलाकर एक नेक काम करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया गया। एजाज अहमद हाशमी प्रांतीय चेयरमैन के आह्वान पर नगर में नमाजियों तथा राहगीरों के लिए लगाया गया था प्याऊ। इस मौके पर मोहम्मद खालिक नगर मंत्री नगर अध्यक्ष अब्दुल सलाम ,मोहम्मद कलीम सिद्दीकी, रियाजुल, फिरोज खान, मनोज सेठ ,मेहताब सिद्दीकी, जितेंद्र कुमार ,राजेश कुमार ,आदि मेंबर मौजूद रहे।

### मंडियों के थोक भाव में ही फुटकर बाजार में फ्रूट सब्जी आम उपभोक्ताओं को फल सब्जी मेले लगाकर उपलब्ध कराए राज्य सरकार - संजय चोपड़ा



प्रखर पूर्वान्चल हरिद्वार। बरसातों का मौसम आने से पहले ही फुटकर फ्रूट सब्जी के दाम बढ़ने से चिंतित पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष, किसान नेता संजय चोपड़ा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कृषि उद्यान मंत्री गणेश जोशी को संयुक्त रूप से ई-मेल द्वारा पत्र लिखकर मांग की फुटकर फ्रूट सब्जी के दामों को नियंत्रण करने के लिए राज्य की सभी कृषि उत्पादन मंडी समितियों के माध्यम से फल सब्जी मेले लगाकर आम उपभोक्ताओं को मंडियों के ठोक भाव (रेट) में आम, लीची, आलू बुखारा, केला सहित टमाटर, लौकी, तोरी, भिंडी, शिमला मिर्च. इत्यादि रोज मारा में उपयोगी फ्रूट व सब्जी जनता को उपलब्ध कराने के लिए मोबाइल वेन के माध्यम से पहुंचाने की व्यवस्था की जाए` इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री संजय चोपड़ा ने कहा बरसात के मौसम के दौरान सब्जी के किसानों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और काफी मशक्कत के उपरांत वह अपनी सब्जी की उपज स्थानीय मंडियों के माध्यम से बेचने के लिए आते हैं लेकिन राज्य की मंडियों में भंडारण कोल्ड स्टोर ना होने के कारण किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है उन्होंने कहा पूर्व में मंडी अध्यक्ष रहते हुए मेरे द्वारा मंडी प्रशासन के सहयोग से शहरी क्षेत्रों में फल सब्जी मेले लगाकर आम उपभोक्ताओं को किसानो की उपज मंडी थोक भाव उपलब्ध कराने अभियान चलाए गए थे जिस प्रकार से बरसात हो रही है उसके दृष्टिगत किसानों की उपज खराब ना हो और सही समय पर आम उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जाने के लिए उचित प्रबंधनो के साथ शहरी क्षेत्र के चौक चौराहे पर कृषि उत्पादन मंडी समिति की और से सरकारी स्टाल लगाए जाने एक नई स्वस्थ व्यवस्था का जन्म होगा।

### ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया गया बकरीद का त्योहार




प्रखर पिंडरा वाराणसी। क्षेत्र के फूलपुर व सिंधोरा थाना क्षेत्र के विभिन्न मुस्लिम बाहुल्य इलाके में गुरुवार को बकरीद का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। ईदगाहों और मस्जिदों में गुरुवार को सुबह ईद उल अजहा बकरीद की नमाज अदा की गई । ईदगाह में नमाजियों ने मुल्क में ?अमन अमान व भाईचारा कायम रखने,मुल्क की तरक्की के लिए दुआ की। विश्वशांति, सौहार्द और बरकत की कामना की। ईदगाह में अकीदतमंदो ने सामूहिक दुआख्वानी कर मुल्क में आपसी प्यार भाईचारा और एकता के लिए अल्लाह ताला से दुआ मांगी गई। इसके बाद अल्लाह के नाम पर कुबार्नी पेश की गई। क्षेत्र के पिंडरा, फूलपुर, कठिराव, ताड़ी, नेवादा, कुआर, सिंधोरा व मंगारी समेत अनेक मुस्लिम इलाको में एक दूसरे को गले लगाकर मुबारक बाद दी। वही पुलिस प्रशासन के लोग पूरे दिन क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। हिन्दू समुदाय के लोग गले मिलकर मुबारक दी। एसडीएम पिंडरा अंशिका दीक्षित, एसीपी अमित पांडेय, थानाध्यक्ष फूलपुर दीपक कुमार, थानाध्यक्ष सिंधोरा आशीष मिश्रा समस्त चौकी प्रभारी क्षेत्र में भ्रमणशील दिखे।

### जय श्री कृष्णा फाउंडेशन पंचामृत उत्सव कार्यक्रम के माध्यम से मनाएगा अपना स्थापना दिवस



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जय श्री कृष्णा फाउंडेशन पंचामृत उत्सव कार्यक्रम के माध्यम से अपना स्थापना दिवस मनाएगा` जय श्री कृष्णा फाउंडेशन द्वारा 2 जुलाई से लेकर 5 जुलाई तक विभिन्न सामाजिक सरोकार संबंधित विषयो पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है` उक्त जानकारी जय श्री कृष्णा फाउंडेशन के सदस्य गौरव राठी ने दिया और कहा कि समाजसेवी संस्था जय श्री कृष्णा फाउंडेशन की एक बैठक आज दिन में महमूरगंज स्थित एक रेस्टोरेंट में संपन्न हुई जिसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थापना दिवस उत्सव पंचामृत मनाने का निर्णय लिया गया और भी कई समाज सेवा के कार्यक्रम हेतु विचार विमर्श किया गया जिसमें मुख्य रूप से स्थापना दिवस उत्सव पंचायत के तहत दिनांक 2 जुलाई रविवार को सुबह 9 से 12 बजे के बीच गुरुधाम कॉलोनी स्थित वाराणसी हॉस्पिटल में प.दीनदयाल उपाध्याय हॉस्पिटल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा तथा नेत्रदान जागरूकता अभियान के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा` तत्पश्चात सायंकाल 6 बजे पहड़िया स्थित नंदगांव में म्यूजिकल Musical Eve & Award Show का आयोजन होगा जिसमे नये सदस्यो को शपथ दिलाया जाएगा तथा उपस्थित सेलिब्रिटी से मुलाकात एवं रात्रिभोज का भी आयोजन होगा। दिनांक 3 जुलाई, सोमवार सुबह 6:30 बजे श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर में 108 जोड़ो का दिव्य महा रुद्राभिषेक का कार्यक्रम आयोजित है दिनांक 4 जुलाई को सुबह 7 बजे माँ शीतला श्रृंगार व दर्शन तत्पश्चात माँ गंगा का दुग्धाभिषेक एवं स्वच्छता शपथ के पश्चात खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन होगा। दिनांक 5 जुलाई मंगलवार को सुबह 7:15 बजे रविन्द्रपुरी स्थित गोपी राधा बालिका इंटर कॉलेज में YOUNG INDIA कार्यक्रम आयोजित होगा तत्पश्चात प्रातः 9 बजे शेल्टर होम में 32 बच्चों को सामग्री वितरण एवं लिटिल स्टार स्कूल नगवा, लंका में 11 बच्चो को विद्यादान स्कालरशिप दिया जायेगा इसी क्रम में जे एसके Benevolent का सम्मान, अखबार का विमोचन, कु.अदिति बजाज स्मृति जे एस के लाइब्रेरी विजिट सहित पंचामृत उत्सव समापन व स्मृतिचिन्ह वितरण कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित है।



## प्यार में धोखा खाने के बाद डिप्रेशन में चली गई थी नोरा

बेहद खूबसूरत एक्ट्रेस और डांसर नोरा फतेही से लाखों-करोड़ों फैंस प्यार करते हैं। वहीं नोरा फतेही को भी किसी से प्यार था। इस बारे में एक बार खुद उन्होंने रिवील किया था। नोरा फतेही ने बताया था कि उस वक्त प्यार में उन्हें धोखा मिला था। उनके एक्स बॉयफ्रेंड ने उन्हें छोड़ दिया था और फिर एक दिन उनके एक्स की शादी की खबर उन्हें मिली थी। नोरा ने बताया था कि ब्रेकअप के बाद वो खुद को संभाल नहीं पा रही थीं। इतना ही नहीं नोरा डिप्रेशन तक का शिकार हो गई थीं। ये वो वक्त था जब उस वक्त नोरा अपने पैर इंडस्ट्री में जमाने के लाख जतन कर रही थीं। उस वक्त नोरा फतेही अंगद बेदी को डेट कर रही थीं। उस वक्त अंगद और नोरा फतेही की डेटिंग की खबरें भी सुर्खियों में हुआ करती थीं। लेकिन फिर एक दिन अचानक से दोनों की राहें अलग हो गई थीं। एक शो के मुताबिक, अंगद बेदी का नाम लिए बगैर नोरा फतेही ने अपने रिलेशनशिप और ब्रेकअप का जिक्र किया था। उन्होंने बताया था कि वो बहुत पीड़ा से गुजरी हैं। उन्होंने कहा था कि हर लड़की अपनी जिंदगी के इस फेस से गुजरती है। 2 महीने तक वो अपने घर में ही बंद होकर रही थीं। इस दौरान वो अपने काम पर भी नहीं जाती थीं। दो महीने तक डिप्रेशन में रहने के बाद नोरा फतेही ने फैसला लिया कि बस अब और नहीं। इसके बाद उन्होंने अपने काम पर फोकस करना शुरू किया और आज नोरा फतेही इंडस्ट्री की जानी मानी डांसर हैं और डांस रिएलिटी शोज की जान हैं।



## काजोल ने बताया वासना का असली मतलब

बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल अगली बार लस्ट स्टोरीज 2 में दिखाई देंगी। एक्ट्रेस को इस सीरीज में देखने के लिए फैंस बेताब हैं। इस बीच काजोल का एक इंटरव्यू जबरदस्त चर्चा में है, जिसमें एक्ट्रेस ने महिलाओं को लेकर बात की है। काजोल ने कहा कि महिलाओं के प्लेजर को भी उसी तरह सामान्य तरीके से लिया जाना चाहिए, जैसे कि समाज ने खाने-पीने को एकदम सामान्य बना दिया है। एक्ट्रेस ने अपने इंटरव्यू में और भी कई बातें कही हैं। एक इंटरव्यू में काजोल से जब महिलाओं के प्लेजर यानी आनंद के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि एक समय में हम इसके बारे में काफी खुलकर सामने आ रहे थे। लेकिन बाद में हमने इससे खुद को दूर कर लिया। लेकिन आखिरकार ये जिंदगी का ऐसा हिस्सा है, जिसके बिना हम नहीं रह सकते। मुझे लगता है कि असल में इसे उतना ही सामान्य बना लेना चाहिए, जैसे कि खाने-पीने को सामान्य बनाया हुआ है। काजोल ने आगे कहा कि इसके बारे में बात ना करने से इसपर और भी ज्यादा ध्यान जाता है। अपने इसी इंटरव्यू में काजोल ने पिछले कुछ सालों में सिनेमा में लस्ट के बारे में भी बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि लस्ट दो फूल हुआ करते थे। दो लाल गुलाब एक साथ आते थे। इसके बाद एक गर्भवती हो जाती है। हाहाहाह। इसलिए मुझे ऐसा लगता है कि हम बस एक कदम ही आगे बढ़ा रहे हैं। इसके बाद हमने लस्ट स्टोरीज जैसा कुछ बनाने का फैसला लिया। मेरा मानना है कि ये सिनेमा समाज को दिखाता है।

## भारतीय सेना ज्वाइन करेंगी रवि किशन की बेटी

भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्यार और भाजपा सांसद रवि किशन आए दिन किसी न किसी वजह से चर्चा में बने रहते हैं। इस बार वो अपनी बेटी की वजह से सुर्खियों में छा गए हैं। ऐसे देखा गया है कि फिल्मी सितारे अपने बच्चों को एक्टर बनाने की बात करते हैं। बॉलीवुड की बात करें तो कई बड़े स्टार्स के बच्चे भी आज एक्टिंग की दुनिया में धमाल मचा रहे हैं। लेकिन



स्टार एक्टर रवि किशन की बेटी इशिता ने देश की सेवा करने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स की मानें तो उनकी बेटी इशिता जल्द ही भारतीय सेना ज्वाइन करने वाली हैं। भोजपुरी स्टार रवि किशन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को अपडेट करते हुए एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि उनकी बेटी इशिता अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेना ज्वाइन करने वाली हैं। बता दें कि रवि किशन की खुशी सातवें आसमान पर पहुंच गई हैं। उनका सिर गर्व से ऊंचा हो गया है। इशिता के सेना में शामिल होने की खबर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। लोग इस बात के लिए रवि किशन को बधाइयां दे रहे हैं। मालूम हो कि इशिता एक एनसीसी केडिट हैं, जो इस साल गणतंत्र दिवस के परेड में शामिल हुई थीं।




# कंगना रनौत करने जा रही हैं करियर की सबसे बड़ी फिल्म


बॉलीवुड इंडस्ट्री में आए दिन किसी ना किसी नई फिल्म का अनाउंसमेंट होता रहता है। अब एक और फिल्म की घोषणा की गई है। दरअसल, बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत और प्रोड्यूसर संदीप सिंह ने एक फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। कंगना रनौत और संदीप सिंह ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट से इस बात की जानकारी दी है। हालांकि, फिल्म के नाम और डायरेक्टर को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है। इस जानकारी के आने के बाद कंगना रनौत के फैंस काफी खुश हैं और इस फिल्म के आने का इंतजार कर रहे हैं। आइए जानते हैं कि कंगना रनौत और संदीप सिंह ने अपनी-अपनी पोस्ट में क्या लिखा है। कंगना रनौत ने संदीप सिंह के साथ अपनी एक नई फिल्म का अनाउंसमेंट किया है। कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर अपनी नई फिल्म की जानकारी दी है। कंगना रनौत ने लिखा, संदीप और मैं पिछले 13 साल से दोस्त हैं और काफी समय से हम साथ में काम करना चाह रहे थे। अब हमें एक सही विषय और किरदार मिला है। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू की जाएगी। ये फिल्म मेरे करियर की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म साबित होगी। फिल्म में मेरा किरदार अद्भुत होगा।

## सीरियल किलर की तलाश में सोनम

अपकमिंग थ्रिलर मूवी ब्लाइंड से सोनम कपूर ओटीटी की दुनिया पर कदम रखने जा रही हैं। फिल्म का ऑफिशियल टीजर रिलीज कर दिया गया है। इस मूवी को शोम मखीजा ने डायरेक्ट किया है और इसमें सोनम के अलावा पूरब कोहली, विनय पाठक, लिलेट दुबे और शुभम सराफ हैं। इंस्टाग्राम पर ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा ने टीजर शेयर



किया और कैप्शन में लिखा, बुराई कई रूपों में आती है, लेकिन सच्चाई भी होती है... क्या जिया ऐसा कर पाएगी अंधेरे पर विजय पाने के लिए? टीजर में दिखाया गया है कि सोनम देख नहीं पाती हैं, फिर भी सीरियल किलर का पीछा करती हैं। आपको बता दें कि ये फिल्म 2011 में रिलीज हुई इसी नाम की कोरियाई क्राइम थ्रिलर का बॉलीवुड रीमेक है, जिसका निर्देशन अहं संग-हून ने किया है। ब्लाइंड% सोनम के बर्थडे से दो दिन पहले स्ट्रीम करने के लिए पूरी तरह तैयार है।



## ब्वॉयफ्रेंड अर्सलान गोनी संग क्वालिटी टाइम बिता रही हैं सुजैन खान

बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन की एक्स वाइफ सुजैन खान अपनी लवलाइफ को लेकर अक्सर चर्चा में आ जाती हैं। सुजैन खान काफी समय से अर्सलान गोनी को डेट कर रही हैं। सुजैन खान और अर्सलान गोनी अक्सर एक साथ नजर आते हैं और सोशल मीडिया के जरिए एक-दूसरे पर प्यार जताने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। फिलहाल, सुजैन खान और अर्सलान गोनी इन




दिनों वेकेशन पर हैं और इसकी झलक सामने आई है। दरअसल, सुजैन खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउट से एक वीडियो शेयर किया है। ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। सुजैन खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में सुजैन खान अपने बॉयफ्रेंड अर्सलान गोनी के साथ नजर आ रही हैं। दोनों काफी रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे है। इसमें उनके और भी दोस्त नजर आ रहे हैं। वहीं, सुजैन खान ने बिकिनी पहनकर अपना बोल्ड अंदाज भी दिखाया है जो उनके फैंस को खूब पसंद आ रहा है और इस वीडियो पर काफी रिएक्शन भी आ रहे हैं।



## कोई मिल गया के विलेन का छलका दर्द

बॉलीवुड फिल्मों में बतौर विलेन काफी चर्चित रहे एक्टर रजत बेदी अचानक ही फिल्म इंडस्ट्री से गायब हो गए थे। उन्होंने लगभग 35-40 फिल्मों में काम किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म 'कोई मिल गया' में अपने रोल के काटे जाने से वो इतने निराश हुए थे कि देश छोड़कर वो कनाडा में शिफ्ट हो गए। ऋतिक रोशन और प्रीति जिंटा स्टारर फिल्म 'कोई मिल गया' में रजत बेदी ने विलेन राज सक्सेना का रोल निभाया था। एक्टर ने बताया कि कि उन्होंने फिल्म में ऋतिक के साथ-साथ प्रीति जिंटा के साथ भी कई दृश्य शूट किए थे, लेकिन फिल्म रिलीज होने पर उन्हें हटा दिया गया था। 'कोई मिल गया' से मुझे कोई फायदा नहीं मिला रजत ने कहा, फिल्म कोई मिल गया में मेरा काफी पावरफुल कैरेक्टर था। लेकिन फाइनल कट के दौरान मेरा रोल काट दिया गया। वो फिल्म भले ब्लॉकबस्टर हिट रही हो, लेकिन उसका मुझे कोई फायदा नहीं मिला। रजत ने आगे कहा, मेरी सबसे बड़ी निराशा यह थी कि जब कोई मिल गया रिलीज हुई तो उन्होंने मुझे फिल्म के प्रमोशन से पूरी तरह से अलग कर दिया। मैं बहुत दुखी था क्योंकि एक अभिनेता के रूप में हमारी भी कुछ अपेक्षाएं होती हैं। फिल्म इंडस्ट्री फिल्म इंडस्ट्री छोड़ने के फैसले पर बात करते हुए रजत बेदी ने कहा कि मुझे नाम और पहचान मिल रही थी, लेकिन पैसा नहीं मिल रहा था। कोई मिल गया के बाद मैं एक सनी देओल के साथ फिल्म कर रहा था। फिल्म के बाद मुझे जो चेक मिले वो सभी बाउंस निकले। मुझे लगा कि ऐसे तो मैं कभी आगे नहीं बढ़ पाऊंगा। मैं डिप्रेशन में चला गया था, इसीलिए फिर मैं कनाडा शिफ्ट हो गया। मुझे घर भी तो चलाना था। आपको बता दे कि रजत बेदी ने अपने करियर की शुरुआत बतौर मॉडल की थी। बॉलीवुड में उन्होंने फिल्म '2001' (दो हजार एक) से डेब्यू की थी, जो 1998 में रिलीज हुई थी। इसके बाद वो इंटरनेशनल खिलाड़ी, कोई मिल गया, इंडियन, जानी दुश्मन जैसी कई फिल्मों में दिखे।



## प्रेग्नेंसी के तीन साल बाद इस हसीना ने रचाई थी शादी

एक्ट्रेस नताशा स्तानकोविक और क्रिकेटर हार्दिक पांड्या की जोड़ी सबसे लोकप्रिय स्टार कपल्स में शुमार है। आए दिन इस कपल की रोमांटिक तस्वीरें और वीडियो वायरल हो जाते हैं। अब एक बार फिर से नताशा ने अपनी और हार्दिक की प्राइवेट तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर दी हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस की कप्तानी करने वाले हार्दिक पांड्या इस समय अपने परिवार के साथ टाइम स्पेंड कर रहे हैं और जिसकी कई सारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। इस बीच हार्दिक पांड्या की वाइफ नताशा स्टेनकोविक में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की, जिसमें वह हार्दिक के साथ लिप लॉक पोज करती नजर आ रही हैं, तो किसी तस्वीर में उन्हें जीभ दिखा रही हैं। सोशल मीडिया पर हार्दिक और नताशा की यह तस्वीर खूब पसंद की जा रही है और तो कुछ यूजर्स उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं और लिखा कि भाई क्रिकेट पर ध्यान दे दो, यह सब मोह माया है। हालांकि , ये पहली बार नहीं है जब नताशा और हार्दिक सोशल मीडिया पर हॉट और सेक्सी पोज देते नजर आ रहे हैं। इससे पहले वह कई बार अपनी हॉट केमिस्ट्री से सोशल मीडिया पर आग लगा चुके हैं। बता दें कि हार्दिक और नताशा ने सगाई के बाद सीधे प्रेग्नेंसी का ऐलान कर दिया था और बेटे के जन्म के तीन साल बाद इस कपल ने इसी साल शादी रचाई है। ऐसे में ये जोड़ी फैंस के लिए और भी ज्यादा स्पेशल है।

## पूरे बॉलीवुड पर भारी है कपूर बहनों का जलवा

भाई कपूर सिस्टर्स की बात ही कुछ और है। हर कोई एक से बढ़कर एक है। स्टाइल के मामले में जिस लेगेसी की शुरुआत सोनम कपूर ने की थी आज उनकी बहनें मिलकर उसे ही आगे ले जा रही हैं। सोनम से शुरु हुआ ये सफर अब खुशी तक आ पहुंचा है।

**स्टाइल आइकल हैं सोनम कपूर**

बात पहले सबसे बड़ी सोनम कपूर की। जिन्हें इंडस्ट्री में एक लंबा अरसा हो चुका है और जल्द ही वो दूसरी पारी का आगाज भी करने वाली हैं। लेकिन सोनम को अगर बी टाउन की स्टाइल आइकन कहें तो कुछ गलत ना होगा। सोनम कुछ भी पहन सकती हैं वो भी पूरे कॉन्फिडेस के साथ।



**जाह्नवी की भी हो गई काया पलट**

वहीं सोनम कपूर की कजिन जाह्नवी कपूर भी बॉलीवुड में एंट्री ले चुकी हैं। 2018 में धड़क से डेब्यू किया लेकिन उस वक्त की जाह्नवी और आज की जाह्नवी बदल चुकी है। बेहद, बोल्ड, बेबाक और स्टाइलिश हो चुकीं जाह्नवी अपनी बहन को फुल टक्कर देती दिखती हैं।




**शनाया कपूर का भी नहीं जवाब**

जाह्नवी कपूर के बाद अब संजय कपूर की बेटी शनाया भी डेब्यू के लिए तैयार हैं शूटिंग वो कर रही हैं लेकिन शनाया कपूर खानदान की इकलौती लाडली हैं जो डेब्यू अनाउंसमेंट से पहले ही स्टार बन चुकी हैं और इसमें उनकी खूबसूरती और स्टाइल का सबसे बड़ा हाथ है।

**खुशी कपूर**


अब कपूर फैमिली की एक और बेटी डेब्यू के लिए रेडी हैं और वो हैं खुशी कपूर।

वहीं लगता है कि खुशी कपूर अपनी तीनों बहनों पर काफी भारी पड़ने वाली हैं क्योंकि सबसे छोटी होने के बावजूद भी खुशी के स्टाइल का जवाब नहीं।



**खबर संक्षेप**

## रतन टाटा ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश को नकारा



नई दिल्ली। टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा ने कहा कि उनका किसी भी तरह की क्रिप्टो करेंसी से कोई संबंध नहीं है। क्रिप्टो करेंसी में अपने निवेश से जुड़ी रिपोर्ट को सिरे से खारिज करते हुए टाटा ने एक ट्वीट में कहा, 'मैं लोगों से इससे दूर रहने का आग्रह करता हूं। मेरा किसी भी तरह की क्रिप्टो करेंसी से कोई संबंध नहीं हैं।'

## चंद्रा, गोयनका की अर्जी पर सैट का फैसला सुरक्षित



मुंबई। प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) ने एस्सेल समूह के चेयरमैन सुभाष चंद्रा और जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जेडईईएल) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी पुनीत गोयनका की बाजार नियामक सेबी के आदेश के खिलाफ दायर अर्जियों पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

## वेदांता के डिस्प्ले कारोबार के सीईओ बने चेन



नई दिल्ली। वेदांता समूह ने बुधवार को कहा कि वाई जे चेन को उसके डिस्प्ले कारोबार का सीईओ नियुक्त किया गया है। कंपनी के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने एक बयान में कहा कि चेन भारत का पहला डिस्प्ले विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना की अगुवाई करेंगे। इसके पहले वह चीन की डिस्प्ले विनिर्माता एचकेसी कॉर्प में कार्यकारी उपाध्यक्ष थे।

## सोने में 300 रु. की गिरावट चांदी 350 रुपए फिसली



नई दिल्ली। विदेशों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 300 रुपये की गिरावट के साथ 59,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 59,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## विश्व खनन कांग्रेस में 'इंडिया पवेलियन' की शुरुआत

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन में चल रही विश्व खनन कांग्रेस (डब्ल्यूएमसी) 2023 में भारत सरकार ने भी एक पवेलियन शुरू किया है। बुधवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने कहा कि कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने डब्ल्यूएमसी में 'इंडिया पवेलियन' का मंगलवार को उद्घाटन किया। वह इस समय अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर हैं।

## जावा ने एचयूएल के एमडी का कार्यभार संभाला




नई दिल्ली। रोहित जावा ने दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का पदभार ग्रहण कर लिया। जावा ने संजीव मेहता का स्थान लिया है जो सोमवार को कंपनी की वार्षिक आमसभा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। मेहता करीब एक दशक तक एचयूएल के शीर्ष पद पर रहे। जावा गत एक अप्रैल से ही एचयूएल के अतिरिक्त निदेशक एवं मनोनीत सीईओ के रूप में कार्य कर रहे थे।

# संगठित क्षेत्र में नहीं आ रही ज्यादा अच्छी नौकरियां : सिन्हा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद जयंत सिन्हा ने बुधवार को कहा कि देश में जिस गति से संगठित क्षेत्र में नौकरियां पैदा हो रही हैं, वह अपर्याप्त है और लोगों के लिए अच्छी नौकरियां सृजित करने पर ध्यान देने की जरूरत है।

- भारत में ऐसे समय अच्छी नौकरियां पैदा करना बड़ी चुनौती

उद्योग मंडल आईएमसी चैम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से आयोजित युवा सम्मेलन में सिन्हा ने कहा कि भारत के लिए ऐसे समय में अच्छी नौकरियां पैदा करना बड़ी चुनौती है, जब कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग जैसी प्रौद्योगिकियां हमारे सामने हैं।

**पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ज्यादा अच्छे रोजगार सृजित करने की जरूरत**

### पुराना औद्योगिक मॉडल अब काम नहीं करेगा

सिन्हा ने कहा कि खेत से कारखाना मॉडल औद्योगीकरण और शहरीकरण के इर्दगिर्द घूमता है। इस मॉडल ने औद्योगिक क्रांति के समय से काम किया है और ब्रिटेन से चीन तक की अर्थव्यवस्था की मदद की है। उन्होंने कहा कि लेकिन यह मॉडल आगे काम नहीं करेगा और भारत को अपना वृद्धि मॉडल तैयार करना होगा।





### लोग अब अच्छी नौकरियां चाहते हैं

सिंहा ने कहा, 'जब आप ग्रामीण भारत, छोटे शहरों या कस्बों में लोगों से नौकरी के बारे में पूछते हैं तो वे सभी संगठित क्षेत्र में अच्छी नौकरियां चाहते हैं। ...और हम उनके लिए पर्याप्त उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां पैदा नहीं कर रहे हैं।'

### देश में कामकाजी आयु वर्ग अधिक

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में इस समय एक अरब से ज्यादा लोग 18-64 आयुवर्ग (कामकाजी) में हैं और अगले दशक तक इसमें लगभग 20 करोड़ युवा और जुड़ जाएंगे, जिस कारण यह काम और महत्वपूर्ण हो जाता है।

### रोजगार की दर अभी पर्याप्त नहीं

इन प्रौद्योगिकियों को 'नौकरियां खत्म करने वाला' बताया जा रहा है। झारखंड के हजारीबाग से सांसद सिन्हा ने कहा, 'हमें अपने युवाओं के लिए अच्छे रोजगार पैदा करने के लिए और ज्यादा बेहतर काम करने की जरूरत है। हमें अच्छी, संगठित क्षेत्र में नौकरियां बहुत जल्द पैदा करने होंगे और अभी यह दर पर्याप्त नहीं है।'

### पूरी अर्थव्यवस्था में बदलावकारी समायोजन जरूरी

सिन्हा ने कहा कि अगर हमें भरोसेमंद और टिकाऊ समृद्धि की राह पर चलना है तो देश को न केवल ऊर्जा क्षेत्र में बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था में 'तेजी से और बदलावकारी समायोजन' करना होगा। 2070 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन की प्रतिबद्धता हासिल करने के लिए भारी मात्रा में निवेश की आवश्यकता होगी। इसके लिए इसमें कंपनी क्षेत्र को भी इसमें भाग लेना होगा।

## आरबीआई ने अपनी छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट जारी की

# डूबेंगे नहीं भारतीय बैंक, दस साल में सबसे कम हुआ एनपीएः आरबीआई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आरबीआई ने अपनी छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा कि अधिसूचित वाणिज्यिक बैंकों का सकल एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) मार्च 2024 तक और कम होकर 3.6 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है।

### बैंक व कंपनियों के खाते मजबूत हुए

दास ने कहा, 'भारत में वित्तीय क्षेत्र स्थिर और मजबूत रहा है और यह बैंकों के कर्ज में निरंतर वृद्धि, एनपीए के निचले स्तर और पर्याप्त पूंजी एवं तरलता भंडार के रूप में प्रदर्शित भी होता है।' केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस रिपोर्ट की भूमिका में लिखा है कि बैंक और कंपनियों दोनों के बही-खाते मजबूत हुए हैं।


### बही खाते मजबूत होने का दोहरा लाभ

कुल मिलाकर वृद्धि को गति मिलने की उम्मीद है क्योंकि बही-खातों के मजबूत होने का दोहरा लाभ है। एक तरफ जहां कंपनियों का कर्ज कम होगा, वहीं बैंकों का एनपीए भी नीचे आएगा। बीते दशक के दूसरे हिस्से में बैंकिंग प्रणाली के भीतर एनपीए का बोझ काफी बढ़ गया था।

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि देश के बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्ति यानी फंसे कर्ज का अनुपात इस साल मार्च में 3.9 प्रतिशत पर आ गया जो एक दशक का सबसे कम स्तर है।*

- बैंकों के फंसे कर्ज का अनुपात मार्च में 3.9 प्रतिशत पर आया
- बैंकों के कर्ज में हो रही निरंतर वृद्धि व पर्याप्त पूंजी की तरलता
- भारत में वित्तीय क्षेत्र स्थिर और मजबूत रहा

**वाणिज्यिक बैंकों का सकल एनपीए मार्च 24 तक 3.6 फीसदी होने का अनुमान**



### एनपीए में बड़े कर्जदारों की हिस्सेदारी घटी

कुल सकल एनपीए में बड़े कर्जों की हिस्सेदारी भी तीन साल पहले के 75.7 प्रतिशत से घटकर मार्च 2023 में 53.9 प्रतिशत हो गई। आरबीआई ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का मुनाफा निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में तेजी से बढ़ा है।

*खुदरा कर्ज पर बैंकों का ध्यान बढ़ाः इस रिपोर्ट के मुताबिक, क्रेडिट जोखिम के लिए किए गए तनाव परीक्षणों से पता चला है कि सभी बैंक गंभीर तनाव की स्थिति में भी न्यूनतम पूंजी जरूरतों का अनुपालन करेंगे। इसके मुताबिक, खुदरा कर्ज पर बैंकों का ध्यान बढ़ने से कॉरपोरेट कर्ज की हिस्सेदारी मार्च 2023 में गिरकर 46.4 प्रतिशत हो गई जबकि मार्च 2020 में यह 51.1 प्रतिशत पर थी।*

### फंसी संपत्तियों को अंकित करना अनिवार्य

हालात पर काबू पाने के लिए आरबीआई ने परिसंपत्ति गुणवत्ता समीक्षा शुरू करने के साथ ही बैंकों के लिए फंसी हुई संपत्तियों को अंकित करना अनिवार्य बना दिया था। इस कवायद का असर बुधवार को जारी स्थिरता रिपोर्ट में भी नजर आया।

### बट्टे खातों का अनुपात बढ़कर 28.5 फीसदी

बैंकों का शुद्ध एनपीए मार्च के अंत में एक प्रतिशत हो गया। इसके पहले जुलाई, 2011 में यह स्तर रहा था। मानक कर्जों के एनपीए बनने यानी फिसलन का तिमाही अनुपात और कम होकर 0.3 प्रतिशत हो गया, लेकिन वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में जीएनपीए अनुपात में बट्टे खातों का अनुपात बढ़कर 28.5 प्रतिशत हो गया।

**शेयर बाजार ने रचा इतिहास**

# पहली बार सेंसेक्स 64,000 और निफ्टी 19,000 के पार



- बाजार में रिकॉर्ड तेजी, बीएसई 500 अंक उछला
- रिलायंस, एचडीएफसी बैंक व इंफोसिस में तेजी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों में तेजी के रुख और घरेलू बाजारों में विदेशी पूंजी आवक बढ़ने से बुधवार को बीएसई सेंसेक्स 500 अंक चढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान दौरान सेंसेक्स पहली बार 64,000 अंक और निफ्टी 19,000 अंक के पार पहुंचा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस जैसे प्रमुख शेयरों में तेजी लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 499.39 अंक बढ़कर 63,915.42 अंक के अपने अब तक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 634.41 अंक उछलकर 64,050.44 अंक के अपने सर्वकालिक स्तर पर भी पहुंच गया था। एनएसई का निफ्टी भी 154.70 अंक यानी 0.82 प्रतिशत चढ़कर 18,972.10 अंक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 193.85 अंक यानी एक प्रतिशत तक चढ़कर 19,011.25 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बाजार की तेज रफ्तार को विदेशी निवेशकों का प्रवाह बढ़ने और चालू खाते के घाटे में कमी आने से समर्थन मिला।

### इन शेयरों में रही घटबढ़

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा मोटर्स सबसे ज्यादा 2.38 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा, सन फार्मा, टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक और मारुति प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और विप्रो के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

# ओडिशा की तेंदू पत्तों पर से जीएसटी हटाने की मांग



एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से केंदू (यानी तेंदू) के पत्तों पर लगा 18 प्रतिशत जीएसटी हटाने का अनुरोध करते हुए कहा है कि इससे समाज के अत्यंत गरीब तबके की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

*मिले अधिकारों के तहत आदिवासी पत्ते इकट्ठा करते हैं : पटनायक ने बताया कि वर्ष 2006 के अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम के तहत मिले अधिकारों के तहत आदिवासी लोग पत्तों को इकट्ठा करते हैं। उन्हें इन उत्पादों का संयोजन करने और बिक्री का अधिकार है।*

पटनायक ने वित्तमंत्री को लिखे गए पत्र में कहा है कि ओडिशा में केंदू पत्तों के व्यापार से जुड़े गरीबों और आदिवासी लोगों के हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए और केंदु के पत्तों पर लगे 18 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को हटा देना चाहिए। पटनायक ने पत्र में लिखा, 'केंदू पत्तों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगने से इसके व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इससे केंदू पत्ता तोड़ने वालों, बांधने वालों एवं मौसमी कामगारों की आजीविका और उनके लिए बनाई गई सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन पर असर पड़ रहा है।' सीएम ने कहा कि केंदू पत्ता एक लघु वन उपज है और ओडिशा के आठ लाख लोग इसे तोड़ने और बांधने के साथ मौसमी कामगार के तौर पर इससे जुड़े हुए हैं। यह उनकी आजीविका का एकमात्र सहारा है।

- सीएम पटनायक ने वित्त मंत्री सीतारमण से किया अनुरोध

# सरकार बफर स्टॉक से मिलों को अरहर दाल बेचेगी

एजेंसी ▶▶ गुवाहटी

सरकार घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित रखने के प्रयासों के तहत अपने बफर स्टॉक से पात्र मिल मालिकों को अरहर दाल बेचेगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, 'सरकार ने भारतीय बाजार में आयातित भंडार आने तक अरहर को राष्ट्रीय बफर से सुनियोजित और लक्षित तरीके से जारी करने का फैसला किया है।'

- सरकार का घरेलू आपूर्ति बढ़ाने व कीमतें नियंत्रित का प्रयास

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ को उपभोक्ताओं के लिए अरहर दाल की उपलब्धता बढ़ाने के मकसद से पात्र मिल मालिकों के बीच ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से अरहर दाल का निपटान करने का निर्देश दिया है। उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर अरहर की उपलब्धता पर स्टॉक जारी करने के बाद के मूल्यांकन किए गए प्रभाव के आधार पर नीलामी की जाने वाली मात्रा और संख्या को तय किया जाएगा। सरकार ने 2 जून को जमाखोरी और बेईमान सट्टेबाजी को रोकने और उपभोक्ताओं को सस्ते में सुलभ कराने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 को लागू करके अरहर और उड़द पर भंडार सीमा लगा दी थी।



### 2023 तक के लिए भंडार सीमा निर्धारित

इस आदेश के तहत सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए 31 अक्टूबर 2023 तक तुअर और उड़द के लिए भंडार सीमा निर्धारित की गई है। प्रत्येक दाल पर व्यक्तिगत रूप से लागू स्टॉक सीमा थोक विक्रेताओं के लिए 200 टन है, खुदरा विक्रेताओं के लिए 5 टन, प्रत्येक खुदरा दुकान पर 5 टन और बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं के लिए डिपो पर 200 टन है।

## 22 कंपनियों की 18 कोल ब्लॉक के लिए 35 बोलियां

नई दिल्ली। कोयला ब्लॉक नीलामी के सातवें चरण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी और एनएलसी इंडिया तथा निजी क्षेत्र की जेएसपीएल समेत अन्य कंपनियों ने लगभग 22 बोलियां लगाई हैं। बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

कोयला ब्लॉक नीलामी के तहत 103 ब्लॉक को नीलामी के लिए रखा गया था। ताजा चरण के अंतर्गत 18 कोयला खदानों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन कुल 35 बोलियां मिली हैं। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड , एनएलसी इंडिया, बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड, गुजरात मिनिरल एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और बुल माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने तीन-तीन ब्लॉक के लिए बोलियां लगाई हैं।

# पत्थरों से तैयार फैशन ज्वेलरी की विदेशों में बढ़ रही मांग

- प्राकृतिक पत्थरों से बनी फैशन ज्वेलरी की अधिक मांग

एजेंसी ▶▶ नोएडा



ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में चल रहे कृत्रिम आभूषण मेले में सोने-चांदी के आभूषणों के बजाय प्राकृतिक पत्थरों से बनी फैशन ज्वेलरी लोगों को अधिक पसंद आ रही हैं। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में लगे स्टॉल पर पत्थरों का प्रयोग कर बनाए गए आभूषणों की मांग ज्यादा है। इस मेले में बनारसी कला का प्रयोग कर बनाए गए आभूषणों का स्टॉल लगाने वाले निर्यातक आर के गुप्ता ने कहा कि यूरोपीय और अमेरिकी महिलाएं और पुरुष अपने कपड़ों से मेल खाने वाले कृत्रिम आभूषण पहनना ज्यादा पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि वह पत्थरों को तराशकर एक जैसी बनावट में माला, टॉप्स और नेकलेस बनाते हैं।

मेले में एरी इनोवेशन एंड स्किल्स स्टॉल पर निर्यातक एवं डिजाइनर नेहा अग्रवाल ने बताया कि पत्थरों के आभूषण में पीतल, लकड़ी, कपड़े और कुछ जगहों पर चांदी का भी उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि गर्मियों में यूरोपीय और अमेरिकी लोग अक्सर पत्थरों से बनी फैशन ज्वेलरी का ही प्रयोग करते हैं।

**अदाणी पावर से बांग्लादेश को विद्युत आपूर्ति शुरू**



रांची। अदाणी समूह की कंपनी अदाणी पावर ने झारखंड के गोड्डा स्थित अपने 1,600 मेगावाट क्षमता वाले बिजलीघर से बंग्लादेश को विद्युत आपूर्ति शुरू कर दी है। कंपनी ने कहा कि अदाणी पावर लिमिटेड के स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अदाणी पावर झारखंड लिमिटेड ने अपनी दूसरी इकाई (800-800 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां) से वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है। इस संयंत्र की दूसरी इकाई का वाणिज्यिक परिचालन परीक्षण 25 जून को हुआ था। इस मौके पर बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ बांग्लादेश के अधिकारी मौजूद थे।

# सेबी शेयरों की सूचीबद्धता समय घटाकर तीन दिन करेगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बाजार नियामक सेबी ने सार्वजनिक निर्गम के शेयरों की सूचीबद्धता के लिये समय अवधि मौजूदा छह दिन से घटाकर तीन दिन करने समेत कई प्रस्तावों को बुधवार को मंजूरी दी। नियामक के इस कदम से निर्गम जारीकर्ता को उनका कोष प्राप्त करने और आवंटियों को प्रतिभूति हासिल करने में कम समय लगेगा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल की की यहां हुई बैठक में कुल सात प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। नियामक ने एक विज्ञप्ति में कहा, संशोधित टी+3 (निर्गम बंद होने के दिन से तीन दिन) दिनों की संशोधित समयसीमा दो चरणों में लागू की जाएगी। एक सितंबर, 2023 को या उसके बाद खुलने वाले सभी सार्वजनिक निर्गमों के लिये यह स्वैच्छिक होगा और एक दिसंबर, 2023 को या उसके बाद के निर्गमों के मामले में यह अनिवार्य होगा। बैठक के बाद बातचीत में सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने कहा कि सूचीबद्धता के समय को तीन दिन तक कम करने का निर्णय 'वैश्विक स्तर पर पहली बार है और मुझे यकीन है कि इसमें कोई समस्या नहीं होगी क्योंकि सभी बाजार प्रतिभागियों ने इसका परीक्षण कर लिया है।' सेबी ने कहा कि यह निर्णय बड़े निवेशकों, रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंटों, ब्रोकर-वितरकों और बैंकों सहित सभी हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद लिया गया है।

- मौजूदा समय में छह दिन में होता है सूचीबद्ध

## जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी के बाद मरीजों ने किया डांस एवं फैशन वॉक

रायपुर। अभी हॉल ही में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल द्वारा भिलाई में एक कार्यक्रम रखा गया जिसमें जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. अंकुर सिंघल द्वारा सर्जरी से लाभ हुए मरीजों को बुलाया गया था जिसमें मरीजों ने न केवल अपना अनुभव साझा किया बल्कि फैशन वॉक व डांस करके बताया कि वह पूरी तरह से फीट है। कुछ मरीज तो 80 से 85 साल के भी थे जिन्होंने बताया कि कैसे वे ऑपरेशन से पहले लकड़ी लेकर चलते थे और आज वे बिना सहारे के अच्छी तरह से चल पा रहे है । कई मरीज ऐसे थे जो व्हीलचेयर का सहारा लिया करते थे लेकिन वे भी अब ऑपरेशन के बाद सामान्य जीवन यापन कर रहे है । रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के जाने माने जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. अंकुर सिंघल द्वारा मरीजों का ईलाज मिनीमम कट तकनीक (एमसीटी) द्वारा किया जाता है । जिसमें मरीज को तीन घंटे बाद चलाया जाता है और उन्हें सीढ़ी पर चढ़ाया भी जाता है इस तकनीक द्वारा उनकी रिकवरी तेजी से होती है।

# वालमार्ट ने किया 32,000 से ज्यादा एमएसएमई को डिजिटली प्रशिक्षित

▶▶ नई दिल्ली

- घरेलू क्षमता विस्तार के मामले में बनाया सक्षम

वालमार्ट ने अपने सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम वालमार्ट वृद्धि के माध्यम से 32,000 से ज्यादा एमएसएमई को प्रशिक्षित किए जाने की घोषणा की है। प्रोग्राम की शुरुआत दिसंबर, 2019 में की गई थी। इनमें से 6,000 से ज्यादा एमएसएमई को फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस पर ऑनबोर्ड किया गया है और वे इस पर एक्टिव हैं। इससे उन्हें देशभर के उपभोक्ताओं के बीच पहुंचने का मौका मिला है। देश की जीडीपी वर्ष 2028 तक 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी। उस समय तक एमएसएमई सेक्टर के 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसलिए यह सेक्टर भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास का अहम स्तंभ बन रहा है और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### 12 करोड़ लोगों को रोजगार मिला हुआ

अभी देश की जीडीपी में इस सेक्टर की 33 प्रतिशत हिस्सेदारी है और इसमें विभिन्न क्षेत्रों एवं उद्योगों में करीब 12 करोड़ लोगों को रोजगार मिला हुआ है। साथ ही इस सेक्टर में महिलाओं समेत छोटे स्तर के उद्यमी, पारंपरिक शिल्प से जुड़े लोग और स्थानीय कलाकार भी शामिल हैं, जिनके पास वर्तमान डिजिटल दौर में कारोबार करने का पर्याप्त कौशल नहीं है।

## पहली तिमाही में घरों की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़ीः रिपोर्ट



नई दिल्ली। देश के आठ प्रमुख शहरों में अप्रैल-जून अवधि में घरों की बिक्री सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 80,250 इकाई हो गई। मुख्य रूप से मुंबई और पुणे में मांग बढ़ने से यह बिक्री बढ़ी है।आवासीय ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर ने बुधवार को शीर्ष आठ शहरों में आवासीय इकाइयों की अप्रैल-जून अवधि के बिक्री आंकड़े जारी करते हुए यह जानकारी दी। एक साल पहले की समान अवधि में 74,320 आवासीय इकाइयों की बिक्री हुई थी।

## खबर संक्षेप



### नीता अंबानी ने दिया पहला रिलायंस अवार्ड

नई दिल्ली। विम्बलडन से पहले बकिंघमशर में खेले जा रहे 'द बूडल्स' टेनिस टूर्नामेंट में रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता अंबानी ने टेनिस खिलाड़ी डिएगो श्वार्ट्जमैन को रिलायंस फाउंडेशन ईएसए कप प्रदान किया। 'द बूडल्स' को विंबलडन चैंपियनशिप से पहले एक बेहतरीन अभ्यास टेनिस टूर्नामेंट माना जाता है। स्टोक पार्क में 27 जून से 1 जुलाई 2023 के बीच खेला जाने वाला यह टूर्नामेंट अपनी 19वीं वर्षगांठ मना रहा है। पांच दिन चलने वाले इस टेनिस टूर्नामेंट में हर दिन रिलायंस फाउंडेशन ईएसए कप पुरस्कार दिए जाएंगे।

### गहराई नहीं है इंग्लैंड टीम के पास : पेन



मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन का मानना है कि मौजूदा एशेज श्रृंखला में इंग्लैंड के पास आस्ट्रेलिया जैसी गहराई नहीं है और आस्ट्रेलियाई टीम मैच दर मैच निखरती जाएगा। पेन ने कहा, 'पहले टेस्ट में आस्ट्रेलिया का प्रदर्शन औसत रहा। हमने अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है। मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड टीम में आस्ट्रेलिया का सामना करने जैसी गहराई है। श्रृंखला से पहले उन्होंने कहा था कि वे कठोर और सपाट पिचें चाहते हैं। पहले टेस्ट में उन्हें मिली भी लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।'

### प्रदर्शनकारियों ने एशेज टेस्ट में पहुंचाई बाधा



लंदन। इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के बीच बुधवार को दूसरे एशेज टेस्ट के पहले दिन का खेल शुरू होने के समय 'जस्ट स्टॉप आइल' ग्रुप के दो प्रदर्शनकारी मैदान में घुस गए और करीब पांच मिनट तक खेल बाधित रहा। पर्यावरण के लिए काम कर रहे इन प्रदर्शनकारियों ने मैदान पर नारंगी पाउडर डालने की कोशिश की लेकिन दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने रोका। इंग्लैंड के विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो एक प्रदर्शनकारी को 50 मीटर तक ले गए और सीमा के पास सुरक्षाकर्मियों को सौंप दिया। दूसरे को इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने बाहर भेजा।

### लॉर्ड्स टेस्ट जीतने पर हो जाएगा फैसला



लंदन। महान तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा का मानना है कि अगर आस्ट्रेलिया लॉर्ड्स पर दूसरा टेस्ट जीत लेती है तो पैट कमिंस इंग्लैंड में एशेज श्रृंखला जीतने की उपलब्धि हासिल कर लेंगे जो रिकी पोंटिंग और माइकल क्लार्क जैसे विश्व कप विजेता कप्तान भी नहीं कर पाए। आस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट जीतकर 1-0 से बढ़त बना ली है। मैकग्रा ने कहा, 'पिछली बार 2005 में किसी टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करके एशेज जीती थी। मैं उस टीम का हिस्सा था। वही हालात अब भी है। आस्ट्रेलिया अगर दूसरा टेस्ट जीत लेती है तो एशेज का फैसला लगभग हो जाएगा। इंग्लैंड पर काफी दबाव होगा क्योंकि हारने पर उनके लिए वापसी मुश्किल होगी।'

# दलीप ट्राफी : शोरे का शतक, उत्तर क्षेत्र ने छह विकेट पर बनाए 306 रन

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

ध्रुव शोरे की संयम से खेली गई शतकीय पारी की मदद से उत्तर क्षेत्र ने बुधवार को यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ चार दिवसीय दलीप ट्राफी क्वार्टर फाइनल के पहले दिन स्टंप तक 87 ओवर में छह विकेट पर 306 रन बना लिए।

निशांत सिंधू ने भी नाबाद 76 रन के अर्धशतक से पारी मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिल्ली के खिलाड़ी शोरे इस मैच से पहले शानदार फॉर्म में चल रहे थे और उन्होंने यही लय जारी रखी। उन्होंने 2022-23 रणजी सत्र के सात मैचों में 95.44 के बेहतरीन औसत से 859 रन बनाए थे जिसमें तीन शतक शामिल थे। यह 31 साल का खिलाड़ी पिछले रणजी ट्राफी सत्र में चौथा सर्वाधिक रन जुटाने वाला खिलाड़ी बना था और दिन में खेली गई उनकी पारी के दौरान उनके इस अनुभव की झलक दिखाई दी।

### धीमी शुरुआत, बचाए विकेट

पूर्वोत्तर ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। शोरे ने हालांकि उसके तेज गेंदबाज जोतिन सिंह, पालजोर तमांग और दिप्पू संगमा के खिलाफ क्रीज पर जमने में अपना समय लिया। पूर्वोत्तर के तेज गेंदबाजों को पिच से कुछ मदद मिल रही थी लेकिन वे शोरे और उनके सलामी बल्लेबाज प्रशांत चोपड़ा को अपनी तेज गेंदबाजी से जल्दी आउट नहीं कर सके। हालांकि पहले 15 ओवर में उत्तर क्षेत्र की टीम महज 29 रन ही बना सकी। लेकिन एक बार परिस्थितियों और गेंदबाजों को समझने के बाद इन दोनों बल्लेबाजों ने स्वच्छंद खेल दिखाया जिससे रन गति तेज हो गई। उत्तर क्षेत्र ने लंच तक 34 ओवर में दो विकेट गंवाकर 115 रन बना लिए थे।



### लंच के बाद गंवाए दो विकेट

लंच के बाद के सत्र में भी पूर्वोत्तर ने दो विकेट झटक लिए जिसमें प्रभसिमरन सिंह ने इमलीवती लेमतूर के खिलाफ आक्रामक होने की कोशिश की जिससे वह किशन मिएताम को कैच दे बैठे। कुछ देर बाद अंकित कुमार को संगमा ने आउट किया जिससे 46वें ओवर में उत्तर क्षेत्र का स्कोर चार विकेट पर 162 रन हो गया।

**शोरे-निशांत ने की 80 रन की साझेदारी**

शोरे और निशांत ने पांचवें विकेट के लिए करीब 22 ओवर में 80 रन की साझेदारी की जिससे उत्तर क्षेत्र की टीम से दबाव थोड़ा कम हुआ। बाएं हाथ के स्पिनर किशन सिंघा ने दो गेंद में दो विकेट झटक लिए जिसमें शोरे और कप्तान जयंत यादव का विकेट शामिल था जिससे स्कोर छह विकेट पर 242 रन हो गया। करीब 30 ओवर बचे थे, निशांत और पुलकित नांगर ने सातवें विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी कर टीम को संभालने में मदद की जिससे खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने तक उत्तर क्षेत्र अच्छी स्थिति में पहुंच गई थी।

### मुरासिंह के पांच विकेट, मध्य क्षेत्र 182 रन पर सिमटा

बेंगलुरु। तेज गेंदबाज मुरासिंह के पांच विकेट की मदद से पूर्वी क्षेत्र ने बुधवार को दलीप ट्राफी क्वार्टर फाइनल मैच के पहले दिन मध्य क्षेत्र को 182 रन पर समेटकर स्टंप तक दो विकेट गंवाकर 32 रन बनाए। त्रिपुरा के इस तेज गेंदबाज ने 42 रन देकर पांच विकेट झटके जिससे मध्य क्षेत्र की टीम बड़ा स्कोर नहीं बना सकी। पूर्वी क्षेत्र अभी 150 रन से पिछड़ रही है। बादलों भरे आसमान में मुरासिंह ने अपनी सटीक गेंदबाजी और मूवमेंट से मध्य क्षेत्र के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया।


## क्रिकेट : इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एशेज टेस्ट में रचा इतिहास

# लियोन का वर्ल्ड रिकॉर्ड, लगातार 100 मैच खेलने वाले पहले बॉलर

एजेंसी ▸▸ लंदन

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच लॉर्ड्स में खेला जा रहा है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने दूसरे मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। दोनों टीमें इस मैच में बदलाव के साथ उतरी हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के स्टार स्पिनर नाथन लियोन ने प्लेइंग इलेवन में नाम आते ही एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। नाथन लियोन लगातार 100 टेस्ट खेलने वाले पहले स्पिनर बन गए हैं। वह ये कारनामा करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज भी बन गए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ जारी एशेज सीरीज का दूसरा मैच नाथन लियोन का 100वां टेस्ट मैच है। वनडे और टी20 इंटरनेशनल में भी अब तक कोई गेंदबाज लगातार 100 मैच नहीं खेल सका है। लगातार सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के बल्लेबाज एलिस्टर कुक के नाम हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के लिए 159 मैच खेले। ऑस्ट्रेलिया के एलन बॉर्डर दूसरे नंबर पर हैं, उनके नाम 153 मैच हैं। 107 मैच के साथ मार्क वॉ तीसरे नंबर पर हैं। भारत के दिग्गज सुनील गावस्कर 107 मैच के साथ चौथे स्थान पर हैं। पांचवें स्थान पर ब्रैंडन मैकुलम हैं, जोकि मौजूदा समय में इंग्लैंड के टेस्ट टीम के मुख्य कोच हैं। उन्होंने लगातार 101 मैच खेले हैं।




### लियोन 500 विकेट से पांच दूर

*ऑस्ट्रेलिया के स्टार स्पिनर नाथन लियोन 121 टेस्ट मैचों में 495 विकेट लिए हैं। वह एशेज सीरीज के दौरान एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। वह 500 टेस्ट विकेट पूरा करने से सिर्फ पांच विकेट दूर हैं। जारी एशेज सीरीज के पहले मैच में नाथन ने 8 विकेट चटकाए थे। वह मैच में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। नाथन ने इस मैच में सबसे ज्यादा ओवर (53) भी डाले थे।*

**लगातार टेस्ट मैच**

| मैच | खिलाड़ी |
|---|---|
| 159 | एलिस्टर कुक |
| 153 | एलन बॉर्डर |
| 107 | मार्क वॉ |
| 106 | सुनील गावस्कर |
| 101 | ब्रैंडन मैकुलम |

# वेस्टइंडीज के बाद आयरलैंड का दौरा करेगी टीम इंडिया



एजेंसी ▸▸ लंदन

क्रिकेट आयरलैंड ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज का शेड्यूल जारी कर दिया है। भारतीय टीम वेस्टइंडीज दौरे के बाद आयरलैंड में टी20 सीरीज खेलने पहुंचेगी। इस सीरीज की शुरुआत 18 अगस्त से होगी। तीनों टी20 मुकाबले मलाहाइड में खेले जाएंगे।

आईसीसी ने शेड्यूल की पुष्टि करते हुए इसे ट्वीट किया है। आईसीसी ने लिखा- कौन मलाहाइड पार्टी के लिए तैयार है। आयरलैंड टी20 सीरीज 18, 20 और 23 अगस्त के लिए भारत की मेजबानी करेगा। इससे पहले टीम इंडिया जुलाई अगस्त में वेस्टइंडीज का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों टीमें दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। यह दौरा 12 जुलाई से लेकर 13 अगस्त तक चलेगा। 13 अगस्त को भारत बनाम वेस्टइंडीज आखिरी टी20 मैच के बाद टीम इंडिया आयरलैंड जाएगी। बीसीसीआई ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए टीम का ऐलान तो किया है, लेकिन टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा नहीं की गई है। ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई वेस्टइंडीज और आयरलैंड दौरे के लिए टीम का ऐलान एक साथ करेगा।

### भारत का करेंगे स्वागत

*क्रिकेट आयरलैंड के मुख्य कार्यकारी वॉरेन ड्यूट्रोम ने आईसीसी के हवाले से एक बयान में कहा, हम 12 महीनों में दूसरी बार भारतीय टीम का आयरलैंड में स्वागत करते हुए बेहद खुश हैं। हमने 2022 में भारत-आयरलैंड के बीच दो शानदार मैच देखे थे, जिसकी सारी टिकटें बिक गई थीं। इसलिए इस साल तीन मैचों की सीरीज होने से और भी ज्यादा फैंस को उस अवसर का आनंद लेने का मौका देंगे, जो हमेशा यादगार होता है।*

# क्वालीफायर हार पर मरहम लगाने का मौका : खांडेकर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चिली के सैंटियागो में 2008 में ओलंपिक क्वालीफायर हारने का दर्द झेल चुके तुषार खांडेकर को अब इस साल के आखिर में भारतीय जूनियर महिला टीम के कोच के रूप में उसी शहर में जाना है और उनके पास 'चक दे इंडिया' के कोच कबीर खान की तरह मौका है कि जो बतौर खिलाड़ी वह नहीं कर सके, कोच के रूप में कर सकते हैं।



आठ बार की चैंपियन भारतीय टीम 2008 में सैंटियागो में बीजिंग ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में ब्रिटेन से 2-0 से हारकर 80 साल में पहली बार ओलंपिक में जगह बनाने में नाकाम रही थी। खांडेकर उस टीम का हिस्सा थे जिन्हें मंगलवार को जूनियर महिला हॉकी टीम का कोच बनाया गया है। अब 'चक दे इंडिया' के कबीर खान की तरह खांडेकर के पास भी एक कोच के रूप में वह करने का मौका है जो वह खिलाड़ी के तौर पर नहीं कर पाए। हाल ही में जापान के काकामिगाहारा में चार बार की चैम्पियन कोरिया को हराकर पहली बार एशिया कप जीतने वाली जूनियर महिला हॉकी टीम चिली के सैंटियागो में ही 29 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच जूनियर विश्व कप खेलेगी तो कोच खांडेकर ही होंगे।

### भारत में शतरंज क्रांति शुरू हो गई है : कार्लसन

दुबई। पांच बार के विश्व चैम्पियन और दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन भारत में शतरंज में लोगों की रुचि देखकर हैरान है और उन्होंने कहा कि यह एक क्रांति की शुरुआत है जिसका आगाज विश्वनाथन आनंद ने किया था। कार्लसन यहां ग्लोबल शतरंज लीग खेलने आए हैं। उन्होंने कहा कि



भारत से अक्सर ग्रैंडमास्टर निकल रहे हैं जो खेल के लिए अच्छा है। उन्होंने कहा, 'भारत में शतरंज में लोगों की इतनी रुचि देखकर अच्छा लग रहा है। इतने युवा इस खेल को अपना रहे हैं। मुझे लगता है कि यह एक क्रांति का आगाज है जिसकी शुरुआत विश्वनाथन आनंद के ग्रैंडमास्टर बनने से हुई थी।'जीसीएल में भारत के तीन ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी, आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश अल्पाइन वारियर्स टीम में है जिसके अगुवा कार्लसन हैं।

# अर्मांड का पोल वॉल्ट में आउटडोर वर्ल्ड रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸ ओस्ट्रावा

*स्वीडन के पोल वॉल्टर अर्मांड डुप्लांटिस ने गोल्डन स्पाइक मीट में 6.12 मीटर का फासला नापकर आउटडोर विश्व रिकॉर्ड बनाय । इससे पहले विश्व रिकॉर्ड 6.11 मीटर का था जो उन्होंने इस महीने की शुरुआत में नीदरलैंड के हेंजेलो में बनाया था। उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में 6.12 मीटर की बाधा पार की । अमेरिका में जन्मे डुप्लांटिस ने 25 फरवरी को फ्रांस के क्लेरमोंट फेरांड में 6.22 मीटर का इनडोर रिकॉर्ड बनाया था।*

*शॉटपुट में अमेरिका के विश्व रिकॉर्डधारी रियान क्राउसर ने 22.63 मीटर का थ्रो फेंककर अपना ही इस टूर्नामेंट का रिकॉर्ड बेहतर किया। ओलंपिक चैंपियन पुएर्तो रिको की जैसमीन सी किन ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ जीती। पुरुषों की सौ मीटर दौड़ दक्षिण अफ्रीका के अकानी सिम्बाइन ने जीती। वहीं पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में दक्षिण अफ्रीका के लुक्सोलो एडम्स ने बाजी मारी।*



### निशानेबाजी ट्रायल में मनु भाकर और श्रीयांका गोल्डी जीते

नई दिल्ली। ओलंपियन मनु भाकर, ओडिशा की श्रीयांका साडंगी और मध्यप्रदेश के गोल्डी गुज्जर ने राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल्स के पांचवें दिन सफलता अर्जित की। कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर हो रहे ट्रायल में मनु ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी6 फाइनल में 39 का स्कोर करके जीत दर्ज की। वहीं श्रीयांका ने



महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल टी6 में बाजी मारी और गोल्डी पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन टी5 में विजयी रहे। मनु ने क्वालीफिकेशन में 591 स्कोर करने के बाद चार परफेक्ट पांच और इतने ही चार स्कोर किया। ओलंपियन राही सरनोबत उनसे दो अंक पीछे रही। महाराष्ट्र की ही अभिंद्या पाटिल तीसरे स्थान पर रही। पुरुषों की राइफल थ्री पोजिशन में गोल्डी ने 600 में से 586 स्कोर किया और फिर 454.5 के साथ विजयी रहे।

## जोकोविच नंबर-2 और मेदवेदेव होंगे तीसरे वरीय खिलाड़ी

# अल्कारेज, स्वियाटेक को विंबलडन में मिली शीर्ष वरीयता

एजेंसी ▸▸ विंबलडन

चार बार के गत चैंपियन नोवाक जोकोविच को विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के लिए शीर्ष वरीयता नहीं मिली है। आल इंग्लैंड क्लब ने उम्मीद के अनुरुप एटीपी और डब्लूटीए रैंकिंग के अनुसार पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्कारेज और महिला वर्ग में इगा स्वियाटेक को नंबर एक वरीयता दी है। अल्कारेज सोमवार को पुरुष रैंकिंग में जोकोविच को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गए थे। 11 जून को फ्रेंच ओपन में रिकॉर्ड 23वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने के बाद से जोकोविच ने कोई मुकाबला नहीं खेला है जिससे वह रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए।

अल्कारेज ने रविवार को क्वींस क्लब में ग्रासकोर्ट की तैयारी वाले टूर्नामेंट में खिताब जीता था जिससे वह शीर्ष रैंकिंग पर पहुंच गए। जोकोविच ने पिछले चार विंबलडन खिताब (कुल सात विंबलडन ट्राफियां) अपनी झोली में



डाले हैं। वहीं आल इंग्लैंड क्लब ने 2022 में रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को यूक्रेन पर हमले के कारण टूर्नामेंट से प्रतिबंधित किया था। लेकिन इस साल ये खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम में खेल सकते हैं।



### स्वियाटेक चार महीने से नंबर-1

स्वियाटेक अप्रैल 2022 के बाद से शीर्ष रैंकिंग पर काबिज हैं और चार ग्रैंडस्लैम खिताब जीत चुकी हैं जिसमें से हाल में उन्होंने फ्रेंच ओपन जीता था। वह हालांकि विंबलडन में चौथे दौर से आगे नहीं पहुंच सकी हैं। एलीना रिबाकिना तीसरी वरीय हैं जो आल इंग्लैंड क्लब में 2022 महिला चैंपियन रही थीं। उनके बाद जेसिका पेगुला, कैरोलिन गार्सिया, ओंस जाबेयूर, कोको गॉफ, मारिया सकारी और दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा और बारबोरा क्रेजसिकोवा शामिल हैं।

### मरे को नहीं मिली वरीयता

रूसी खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव तीसरे वरीय होंगे जबकि बेलारूस की आर्यना सबालेंका को महिलाओं के वर्ग में दूसरी वरीयता मिली है। विंबलडन सोमवार से शुरु हो रहा है और 32 पुरुष वरीय खिलाड़ियों में कैस्पर रूड चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। उनके बाद स्टेफानोस सिटसिपास, होल्गर रूने, यानिक सिनर, टेलर फ्रिट्ज और फ्रांसेस टियाफो शामिल हैं। एक साल पहले उप विजेता रहे निक किर्गियोस को 31वीं वरीयता मिली है। दो बार के विम्बलडन चैंपियन एंडी मरे की रैंकिंग 39 है जिससे उन्हें वरीयता नहीं मिली है।

## बुर्किना फासो में घात लगाकर हमले में 34 सैनिक की मौत

**औगाडौगू, (एजेंसी)।** बुर्किना फासो में एक आपूर्ति काफिले पर घात लगाकर किए गए हमले में 31 सैनिकों और सेना के तीन सहायक सैनिकों सहित कम से कम 34 सुरक्षाकर्मी मारे गए, जबकि जवाबी कार्रवाई में 40 से अधिक आतंकवादी भी मारे गये। सेना ने बयान में बताया कि हमला सोमवार को किया गया था। यह हमला बाम प्रांत, सेंटर-नॉर्ड क्षेत्र के नामसिगुइया में हुआ। बयान में कहा गया, ''बेहद हिंसक लड़ाई में सैन्य इकाइयों की जोरदार प्रतिक्रिया के बावजूद काफी नुकसान हुआ। इस हमले में लगभग 20 घायल हो गए और लगभग 10 सैन्य सदस्य लापता हैं।

**40 आतंकी भी मारे गए**

## जुकरबर्ग से केज फाइट के लिए एलन मस्क की ट्रेनिंग हुई शुरू



एलन मस्क के साथ फ्रिडमैन की ट्रेनिंग का फोटो

**वॉशिंगटन, (एजेंसी)।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क और मेटा के सीईओ के बीच होने जा रही केज फाइट चर्चा में है। मस्क ने इस फाइट के लिए ट्रेनिंग शुरू कर दी है। ट्रेनिंग की फोटोज सामने आई हैं।

इनमें वो पॉपुलर पॉडकास्टर और एआई रिसर्चर लेक्स फ्रिडमैन के साथ लड़ रहे हैं। फ्रिडमैन ने ही तस्वीरें ट्विटर पर शेयर कीं और लिखा- मस्क की पावर से प्रभावित हूं। मस्क ने पिछले दिनों ट्विटर पर जुकरबर्ग को फाइट का चैलेंज दिया था। जुकरबर्ग ने इसे स्वीकार कर लिया था। फ्रिडमैन दोनों के साथ ट्रेनिंग कर चुके हैं और उन्होंने इसके फोटो और वीडियो अपने ट्विटर हैंडल पर ये शेयर किए हैं।

## मौसी के घर से श्री मंदिर वापस लौटे भगवान



सात दिनों तक मौसी गुंडिचा के घर पर आराम करने के बाद महाप्रभु जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा और सुदर्शन के साथ श्री मंदिर वापस लौट रहे हैं। श्री विग्रहों को रथ पर विराजित किया गया। इसके बाद दोपहर एक बजे छेरा पहरा की रस्म के बाद भगवान मंदिर के लिए प्रस्थान किया।

## देश भर में आज मनाया जाएगा सांख्यिकी दिवस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले दिवंगत प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस के सम्मान में गुरूवार को देश भर में 'सांख्यिकी दिवस' मनाया जायेगा। इसका उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक योजना और नीति निर्माण में सांख्यिकी की भूमिका और महत्व के बारे में प्रोफेसर (दिवंगत) महालनोबिस से प्रेरणा लेने के लिए विशेष रूप से युवा पीढ़ी में जागरूकता पैदा करना है। इस वर्ष सांख्यिकी दिवस का मुख्य कार्यक्रम यहां स्कोप कन्वेंशन सेंटर, स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड में आयोजित किया जा रहा है। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# भारी बारिश से मुंबई पानी-पानी, पेड़ गिरने से युवक की मौत, गोवा में भी जलजमाव

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में मॉनसून का पूरा असर देखने को मिल रहा है। राजधानी मुंबई में बुधवार को इतनी बारिश हुई कि कई इलाकों में भारी बारिश से जलजमाव की स्थिति हो गई है, यहां अब भी घने बादल छाए हुए हैं। बारिश से कुर्ला इलाके में सबसे ज्यादा हालात बिगड़े हैं, यहां जलभराव से ट्रैफिक पर असर पड़ा है। बारिश, आंधी से कई इलाकों में पेड़ भी गिरे हैं, मलाड में 38 साल के शख्स पर पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई। बीएमसी के मुताबिक, मृतक बुधवार तड़के सुबह शौच के लिए गया था, तभी पेड़ गिरने की घटना से उसकी मौत हो गई।



### अगले पांच दिन और तेज बारिश की आशंका

मुंबई के कई इलाकों में इस हफ्ते भारी बारिश की आशंका है। यहां घने बादल छाए हुए हैं। मुंबई के कई स्थानों पर भारी बारिश के आसार बने हुए हैं। इस दौरान महानगर के कई इलाकों में भारी जलजमाव की स्थिति सामने आ सकती है। आईएमडी ने 1 जुलाई तक दक्षिण महाराष्ट्र-गोवा तट पर और उसके आसपास 40-45 किमी प्रति घंटे से लेकर 55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भविष्यवाणी की है। इस दौरान मछुआरों को समुंद्र में ना जाने की सलाह भी दी गई है।

### गोवा में भी तेज बारिश, सड़कों पर भरा पानी

वहीं, गोवा के कई हिस्सों में भी पिछले 24 घंटे में भारी बारिश दर्ज की गई है। इसके चलते पणजी का 18 जून रोड और माला क्षेत्र पूरी तरह से जलमग्न हो गया। मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार तक राज्य में बारिश की संभावनाएं हैं। अगले 24 घंटे के लिए राज्य में बारिश की आशंका देखते हुए येलो अलर्ट जारी कर दिया गया है। आईएमडी की वेबसाइट के मुताबिक के गुरुवार तक दोनों राज्य के अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावनाएं हैं। गोवा में गुरुवार तक येलो अलर्ट है।वहीं उसके अगले कुछ दिन तक राज्य में ग्रीन अलर्ट जारी कर दिया गया है।

### हिमाचल में जारी है भारी बारिश का दौर

**शिमला, (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में सात दिन में सामान्य से 135 फीसदी ज्यादा वर्षा हो चुकी है। भारी वर्षा के कारण जनजीवन भी पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुका है। भारी वर्षा राज्य में जान-माल के नुकसान का भी बड़ा कारण बनी है। बुधवार को प्रदेश में दो अलग-अलग जगहों पर घटी घटनाओं में पांच लोगों की मौत हुई है। इसमें चार लोगों की मौत रामपुर में वाहन के गहरी खाई में गिरने से हुई है, जबकि पब्बर नदी में एक युवक के डूबने की घटना सामने आई है। इससे प्रदेश में मानसून के दौरान मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। तीन लोग अभी भी लापता हैं, जबकि 34 लोग इस बीच घायल भी हुए हैं।

# ऑपरेशन थिएटर में हिजाब नहीं लॉन्ग स्लीव और जैकेट पहनने दें

**तिरुवनंतपुरम, (एजेंसी)।** ऑपरेशन थिएटर में हिजाब पहनने की परमिशन नहीं मिलने पर तिरुवनंतपुरम के सरकारी मेडिकल कॉलेज की सात स्टूडेंट्स ने प्रिंसिपल को लेटर लिखा है। इन स्टूडेंट्स ने हिजाब के बदले लंबी आस्तीन वाली स्क्रब जैकेट और सर्जिकल हुड पहनने की अनुमति मांगी है। स्टूडेंट्स ने लेटर में लिखा है कि उन्हें अपनी धार्मिक मान्यताओं के तहत हर समय अपना सिर ढंकना पड़ता है और ऑपरेशन थिएटर के अंदर हिजाब पहनना संभव नहीं है। इसलिए उन्हें इसके बदले लॉन्ग स्लीव जैकेट और सर्जिकल हुड पहनने दें।

2020 एमबीबीएस बैच के एक स्टूडेंट के लिखे लेटर में 2018 बैच, 2021 और 2022 बैच के 6 स्टूडेंट्स ने भी साइन किए हैं। वहीं कॉलेज के प्रिंसिपल ने कहा- स्टूडेंट्स की मांग पर एक्सपर्ट्स कमेटी विचार करने के बाद फैसला लेगी। डॉ. मॉरिस ने कहा कि ऑपरेशन थिएटर में हम जर्म्स फ्री वातावरण सुनिश्चित करने के लिए ग्लोबल स्टैंडर्ड फॉलो करते हैं। इसलिए मैं उनकी मांग पर कोई फैसला लेने की स्थिति में नहीं हूं।

**केरल की 7 मेडिकल स्टूडेंट्स की मांग**



### प्रिंसिपल ने कहा- टीम तय करेगी मांग पूरी करना संभव है या नहीं

प्रिंसिपल डॉ. लिनेट जे मॉरिस ने कहा कि 26 जून को हमें स्टूडेंट्स का लेटर मिला है। वह इस मुद्दे पर चर्चा के लिए सर्जनों और इंफेक्शन कंट्रोल टीम की एक कमेटी बनाएंगी। टीम तय करेगी कि स्टूडेंट्स की मांग पूरी कर पाना संभव है या नहीं। हालांकि प्रिंसिपल ने छात्राओं को समझाया है कि स्क्रब जैकेट के साथ ओटी में जाना कितना मुश्किल हो सकता है क्योंकि हर बार जब वे ओटी में एंट्री लेते हैं तो उन्हें कोहनी तक अपने हाथों को साफ करना और इंफेक्शन फ्री करना होता है। इसके बाद गाउन पहनना होता है। इसलिए लंबी आस्तीन पहनने में समस्या हो सकती है।

## 14 पुलिस अफसरों का सशस्त्र समूह ने किया अपहरण

**मेक्सिको सिटी, (एजेंसी)।** मैक्सिको के राज्य चियापास में एक सशस्त्र समूह ने सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा मंत्रालय विभाग के 14 पुलिस अधिकारियों का अपहरण कर लिया। मैक्सिकन सुरक्षा मंत्रालय विभाग ने बुधवार को सूचना दी। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कह कि 'मंगलवार को ओकोज़ोकोअल्टा और टक्स्टला गुटिरेज़ के बीच सड़क पर हथियारबंद लोगों द्वारा पुलिस अधिकारियों का अपहरण कर लिया गया था, इनका पता लगाने के लिए राज्य सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा मंत्रालय संघीय बलों के सहयोग से एक खोज अभियान चला रहा है।

## द. कोरिया ने लगाया रूसी नागरिकों पर प्रतिबंध

**सोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को कथित तौर अवैध वित्तपोषण को लेकर कोरियाई मूल के एक रूसी नागरिक सहित दो लोगों और दो संगठनों पर प्रतिबंध लगाया है। योनहाप न्यूज एजेंसी ने द. कोरिया के विदेश मंत्रालय के हवाले से बुधवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक पूर्व दक्षिण कोरियाई नागरिक चोई चोन गोन, जिसके पास रूस की नागरिकता है, को मंगोलिया में हने उलान एलसीसी नामक कंपनी को वित्त पोषित करने के कारण प्रतिबंधित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि द. कोरिया ने चोन गोन पर कथित तौर पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से बचने और उ. कोरिया के सैन्य कार्यक्रमों के लिए धन मुहैया कराने का आरोप लगाया है।

### आज का इतिहास

- 1444: सिकंदर बेग ने ऑटोमन साम्राज्य की सेना को हराया।
- 1613: शेक्सिपयर का लंदन स्थित ग्लोब थियेटर आग लगने से क्षतिग्रस्त।
- 1757: मीर जाफर ने बंगाल, बिहार, ओडिसा के नवाब की गद्दी संभाली।
- 1855: टेलीग्राफ अखबार का लंदन में प्रशासन शुरू हुआ।
- 1864: कनाडा में रेल हादसे में 90 मरे।
- 1888: शास्त्रीय संगीत की पहली (ज्ञात) रिकॉर्डिंग की गई।
- 1905: ब्रिटेन में ऑटोमोबाइल एसोसिएशन की स्थापना हुई।
- 1913: यूनान सर्बिया मोंटे नेग्रो, रोमानिया और उस्मानी शासन के साथ बुल्गेरिया का युद्ध शुरू हुआ
- 1931: भारतीय वैज्ञानिक के.पी. अय्यर का जन्म हुआ।
- 1932: सोवियत संघ और चीन ने अनाक्रमण संधि पर हस्ताक्षर किए।

## मुंबई-गोवा वंदे भारत एक्सप्रेस ने पहले ही दिन बनाया रिकॉर्ड



**मुंबई, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुंबई से गोवा के मडगांव के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन ने अपना पहला कमर्शियल सफर निर्धारत समय से करीब 30 घंटे पहले ही पूरा कर लिया। यह सफर 9.30 घंटे में पूरा हुआ। इस सेमी-हाई-स्पीड मडगांव-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस को मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली हरी झंडी दिखाई थी। रेल के अधिकारियों ने बताया कि यह अपने निर्धारित समय से 24 मिनट पहले दोपहर 3.06 बजे मडगांव स्टेशन पहुंच गई थी। भारतीय रेलवे की नेशनल इन्क्वायरी सिस्टम के अनुसार, ट्रेन पनवेल स्टेशन पर 8 मिनट की देरी से सुबह 6.38 बजे पहुंची। 12 मिनट की देरी के बाद ट्रेन सुबह 6.44 बजे रवाना हुई।

## 'रात में आतंक, दिन में व्यापार', विदेश मंत्री जयशंकर का पाक पर परोक्ष हमला



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान पर परोक्ष हमला करते हुए, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत सार्क (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) की बैठक तब तक नहीं कर सकता, जब तक कि एक सदस्य आतंकवादी कृत्यों में संलग्न रहेगा। ऐसी स्थिति को बर्दाश्त न करें जहां 'आतंकवाद रात में होता है और व्यापार दिन में होता है।'

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में जयशंकर ने सार्क पर कुछ भी न सुनने के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि आपने सार्क के बारे में बहुत कुछ नहीं सुना है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में, हमारे पास सुनने के लिए बहुत कुछ नहीं है। आप जानते हैं कि मैंने कहा था कि हम आतंकवाद के कृत्यों को जारी नहीं रख सकते हैं और फिर भी सहयोग जारी रहेगा। उन्होंने कहा, तो, मुझे लगता है कि वहां कुछ मुद्दे हैं और अब समय आ गया है कि उन मुद्दों की गंभीरता को पहचाना जाए और रात में आतंकवाद और दिन में व्यापार न होने दिया जाए। मुझे नहीं लगता कि इससे देश को कोई फायदा होगा। इससे पहले भी जयशंकर ने सार्क के सक्रिय संगठन नहीं होने के लिए पाक को जिम्मेदार ठहराया था।

दिसंबर 2022 में, जयशंकर ने वाराणसी में कहा कि सार्क वर्तमान में सक्रिय नहीं है, क्योंकि सार्क के एक सदस्य का मानना है कि पड़ोसियों से निपटना सीमा पार आतंकवाद के कारकों के अनुकूल है। गौरतलब है कि सार्क दक्षिण एशिया के आठ देशों बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका का क्षेत्रीय अंतरसरकारी संगठन है। जयशंकर ने पाकिस्तान के साथ नहीं बल्कि अन्य पड़ोसी देशों के साथ अच्छे रिश्ते रखने की बात करते हुए कहा कि सीमा पार आतंकवाद के कारण उनके रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते।मैं कहूंगा कि जब पड़ोस की बात आती है तो पाक स्पष्ट रूप से अपवाद है।

## किसानों के विशेष पैकेज को मंत्रिमंडल की मिली मंजूरी

### 3,70,128.7 करोड़ रुपए की नवीन योजनाएं पेश

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को 3,70,128.7 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ किसानों के लिए नवीन योजनाओं के एक विशेष पैकेज को मंजूरी दी। योजनाओं का समूह टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देकर किसानों के समग्र कल्याण और उनकी आर्थिक बेहतरी पर केंद्रित है। ये पहल किसानों की आय को बढ़ायेंगी, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को मजबूती देंगी, मिट्टी की उत्पादकता को पुनर्जीवित करेंगी और खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में किसानों को करों और नीम कोटिंग शुल्कों को छोड़कर 242 रुपये प्रति 45 किलोग्राम की बोरी की समान कीमत पर यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यूरिया सब्सिडी योजना को जारी रखने की मंजूरी दे दी है।

### गन्ने के एमएसपी में 10 रू. प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी

केंद्र ने गन्ने के समर्थन मूल्य में दस रूपये प्रति क्विंटल की बढोतरी कर गन्ना किसानों को कुछ राहत दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी। अब गन्ने का समर्थन मूल्य बढकर 315 रूपये हो जायेगा।

## Filmi तड़का



### कामाख्या मंदिर पहुंचीं कंगना रनोट

**गुवाहाटी।** कंगना रनोट हाल ही में गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर पहुंची हैं, जहां उन्होंने माता का आशीर्वाद लिया। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने इस दौरे का एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में कंगना को पारंपरिक लाल दुपट्टे के साथ सूट पहने हुए देखा जा सकता है। इस दौरान उन्होंने अपने माथे पर लाल टीका भी लगाया हुआ था। कंगना ने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- आज कामाख्या माता के मंदिर में दर्शन किए। इस मंदिर में जगज्जननी मैया की योनि रूप में पूजा होती है। ये मां की शक्ति का विराट रूप है जहां मां को मास और बलि का भोग लगता है, ये पवित्र स्थान एक शक्ति पीठ है। जहां शक्ति का अद्भुत संचार है। **इमरजेंसी में नजर आएंगी कंगना:** कंगना रनोट जल्द ही फिल्म इमरजेंसी में नजर आएंगी। यह फिल्म इसी साल 24 नवंबर को रिलीज होगी। इसमें कंगना, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। कंगना इसमें लीड रोल प्ले करने के साथ ही साथ इसे डायरेक्ट और प्रोड्यूस भी कर रही हैं।

### 72 हूरें का डिजिटल ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** पवन मल्होत्रा और आमिर बख्शी स्टारर 72 हूरें का डिजिटल ट्रेलर रिलीज हो गया है। '72 हूरें' की कहानी उन युवाओं के ईर्दगिर्द घूमती है, जिनका ब्रेनवॉश कर उन्हें सुसाइड बॉम्बर बनने पर मजबूर किया जाता है। फिल्म की घोषणा होने के बाद से इसे लेकर विरोध शुरू हो गया है। उधर, सेंसर बोर्ड ने ट्रेलर को आपत्तिजनक मानते हुए इसे रिजेक्ट कर दिया है। ऐसे में फिल्म के ट्रेलर को डिजिटली रिलीज किया गया है। '72 हूरें' को संजय पूरन सिंह फिल्म ने निर्देशित किया है। ट्रेलर आतंकवाद की काला सच उजागर करता है। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने ट्रेलर का लिंक शेयर करते हुए इसके रिलीज होने की जानकारी दी। '72 हूरें' 07 जुलाई को रिलीज होगी। गौरतलब हे कि यह डिजिटल ट्रेलर थिएटर में नहीं दिखाया जाएगा। **क्या है फिल्म की कहानी:** हर जगह बिछी दिखीं लाशें, युवाओं को ब्रेनवॉश कर आतंकी बनाने पर बेस्ड है फिल्म। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे कट्टरपंथियों के बहकावें में आकर युवा अपने आप को सुसाइड बॉम्बर बना देते हैं। ट्रेलर में ये भी दिखाया गया है कि कैसे एक आतंकवादी 72 हूरों की लालच देकर लोगों को बहकाता है। फिल्म के डिस्क्लेमर में साफ लिखा है कि ये सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्म है। जानकारी के मुताबिक ये फिल्म 2021 की है, और इसे सरकार की तरफ से नेशनल अवॉर्ड भी मिल चुका है। फिल्म के प्रोड्यूसर अशोक पंडित ने कहा कि उनकी इस फिल्म के लिए तालियां बजी थीं। सरकार ने फिल्म को सराहा भी था।

## हाईकोर्ट का आदेश : आरक्षण का लाभ लेने वालों का जाति प्रमाणपत्र चेक करें

**मुंबई, (एजेंसी)।** गोवा में बॉम्बे हाई कोर्ट ने जाति प्रमाणपत्रों की जांच का आदेश किया है। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को तीन महीने के भीतर यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि जो लोग जाति-आधारित आरक्षण का लाभ उठाते हैं, उनके प्रमाणपत्रों को जाति जांच समिति (सीएससी) द्वारा सत्यापित किया जाए।

स्थानीय नगरपालिका परिषद के एक पार्षद, तारक अरोलकर द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि जाति आधारित आरक्षण का लाभ उठाने वालों की जाति की स्थिति का सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए राज्य में कोई तंत्र नहीं है। जबति कुमारी माधुरी पाटिल (1995) मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इसे अनिवार्य किया था। तारक अरोलकर का जाति प्रमाण पत्र जाति जांच समिति द्वारा रद्द कर दिया गया था, जिससे वे अयोग्य घोषित कर दिए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने जाति प्रमाणपत्रों के सत्यापन के लिए विस्तृत प्रक्रिया निर्धारित की थी। इस संबंध में संबंधित राज्य सरकार द्वारा किसी कानून के अभाव में यह प्रक्रिया लागू की जानी है।

जस्टिस एम एस सोनक और भरत देशपांडे की उच्च न्यायालय की पीठ ने कहा, दुर्भाग्य से, गोवा राज्य में, किसी भी कानून या कार्यकारी संस्थान को आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए उम्मीदवार के नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले या आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से चुने जाने के बाद कुछ उचित अवधि के भीतर उनके जाति प्रमाण पत्र के सत्यापन की आवश्यकता नहीं होती है। परिणामस्वरूप, हमें यकीन है कि ऐसे कई निर्वाचित उम्मीदवार, नियुक्त व्यक्ति या यहां तक कि छात्र भी होंगे जिन्हें कुमारी माधुरी पाटिल की प्रक्रिया के बाद सीएससी से अपना अनंतिम जाति प्रमाण पत्र सत्यापित कराना बाकी है।

## गूगल का छह माह में दूसरी बार फिर छंटनी का ऐलान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** इस साल जनवरी में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने 12,000 लोगों को नौकरी से निकालने की घोषणा की थी। अब एक बार फिर से गूगल ने छंटनी करने का ऐलान किया है। जानकारी के मुताबिक गूगल अपने वेज मैपिंग ऐप से लोगों को निकाल रही है। मैपिंग ऐप वेज की एडवर्टिजमेंट सिस्टम को गूगल एडवर्टिजमेंट टेक्नीक के साथ विलय किया जा रहा है। गूगल ने जून 2013 में 1.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर में वेज का अधिग्रहण किया था। वेज एक ऐसा एप है,जो उपयोगकर्ताओं को सर्वोत्तम रास्ता खोजने में मदद करता है। इसके साथ ही उन्हें वास्तविक समय में ट्रैफिक की जानकारी भी देता है। कथित तौर पर इस एप के 140 मिलियन यूजर्स हैं।

## अबू आजमी को खतरा : छोटा राजन गिरोह पुलिस निगरानी में

**मुंबई, (एजेंसी)।** मुंबई पुलिस समाजवादी पार्टी के हाई-प्रोफाइल विधायक अबू आजमी को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी की जांच अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन गिरोह की संलिप्तता समेत विभिन्न कोणों से कर रही है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले दिनों राजन गैंग ने मुंबई के सबसे अमीर नेताओं में से एक श्री आजमी को निशाना बनाया था। 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान दाखिल अपने चुनावी हलफनामे में विधायक ने आधिकारिक तौर पर 209 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की थी। हालांकि, बाद में राजन गिरोह पीछे हट गया।

# भदोही में पुलिस मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाश गिरफ्तार

## बदमाशों के पास से दो मोटरसाइकिल और तीन तमंचा बरामद, बाइक पर सवार महिलाओं को तमंचे से धमकाकर लूटते थे आभूषण



प्रखर भदोही। भदोही पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक लुटेरे के दाहिने पैर में गोली लगी है जबकि एक भागने में सफल रहा। पुलिस ने लूट की घटनाओं में शामिल दो मोटरसाइकिल, तीन तमंचा एवं जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भदोही पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने पूर्व में हुई चेन स्नेचिंग की घटनाओं को देखते हुए सुरियावां और दुगार्गंज थाने की संयुक्त पुलिस टीम को सम्बंधित बदमाशों की गिरफ्तारी का निर्देशित किया था। सुरियावां थाना के धनापुर गांव में वाहन चेकिंग के दौरान बदमाशों और पुलिस में मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। बदमाशों के पास से पुलिस ने दो मंगलसूत्र, एक चेन, सोने का लॉकेट, कान का झाला और बाली बरामद किया है। पुलिस ने गोपीगंज और सुरियावां में संबंधित लूट की घटनाओं के सम्बन्ध में प्राथमिकी दर्ज किया था। इसके पूर्व भी पुलिस कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक लुटेरे के दाहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस ने जिन तमंचा को बरामद किया है उसी से बदमाश राहगीरों को धमकाकर लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे। आर्थिक लाभ के उद्देश्य से मोटरसाइकिल सवार महिलाओं को निशाना बनाते थे।

पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान जिन बदमाशों को गिरफ्तार किया है उनमें सिद्धार्थ यादव उर्फ राजा पुत्र लाल बहादुर यादव निवासी भिखारीरामपुर। इसके खिलाफ आधे दर्जन मुकदमे दर्ज है। गणेश सोनी पुत्र शंकर सोनी निवासी नेता नगर पत्थर कट बस्ती मनापुर। शिवम सरोज पुत्र सुभाष सरोज निवासी मकनपुर शामिल हैं। गिरफ्तार तीनों बदमाश थाना सुरियावां जनपद भदोही के निवासी हैं। जबकि संदीप कुमार सरोज उर्फ बजरंगी पुत्र मंगल प्रसाद निवासी ताल सुपैला थाना सुरियावां जनपद भदोही मुठभेड़ के दौरान भागने में सफल रहा। भदोही पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने मुठभेड़ के दौरान संबंधित बदमाशों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को 25000 का इनाम घोषित किया है।

## आजमगढ़ में नहर के किनारे बच्ची का शव मिलने से क्षेत्र में मची सनसनी

प्रखर गंभीरपुर/आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के बरदह थाना क्षेत्र के हिलालपुर में नहर के किनारे सुबह एक 10 वर्षीय बच्ची का शव मिलने की सूचना मिली। देर रात तक डीजे पर परिवार के लोग डांस भी किए। इसके बाद रात में ही बच्ची गायब हो गई। परिजनों ने बच्ची की काफी तलाश की पर बच्ची का शव सुबह बरामद हुआ। यह बच्ची अपने ननिहाल आई थी। बच्ची का शव मिलने की सूचना मिलते ही बरदह थाने के प्रभारी विकास चन्द्र पांडेय, सीओ लालगंज मनोज रघुवंशी मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही जिले के एसपी अनुराग आर्य फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वायड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचकर मौका मुयायना किया। एसपी अनुराग आर्य का कहना है कि प्रथम दृष्टया बच्ची के हाथ और पैर पर किसी नुकीली चीज से इंजरी के निशान मिले हैं। फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वायड यूनिट द्वारा साक्ष्य संकलन किया जा रहा है। परिवार वालों से तहरीर लेकर जो भी तथ्य सामने आएंगे उस पर कार्रवाई की जाएगी। बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है जिससे घटना के कारणों का पता चल सके। आजमगढ़ जिले के एसपी अनुराग आर्य ने बताया कि कल रात गांव में एक बारात भी आई थी। जिनमें से कुछ संदिग्धों को पूछताॅछ के लिए थाने ले जाया जा रहा है। घटना में शामिल दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही घटना का जल्द ही खुलासा कर लिया जाएगा।



## भारी फोर्स के साथ पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने किया फ्लैग मार्च



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बीती रात बकरीद और सावन माह के मद्देनजर शहर के विभिन्न इलाकों में भारी पुलिस फोर्स के साथ पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारियों ने फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों को मस्जिदों, ईदगाह में ही नमाज अदा करने का निर्देश दिया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को नियमो, निदेर्शों के तहत ही नमाज अदा करने और त्यौहार मनाने का दिशा निर्देश दिया। बकरीद, श्रावण मास के त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं गंगा जमुनी तहजीब के साथ मनाए जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भारी पुलिस बल के साथ कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न मार्गों एवं स्थलों पर रूट मार्च कर त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोई भी नए कार्य नहीं किए जाएंगे। उपद्रवियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने जनमानस से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान ना देते हुए आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार को मनाएं। उन्होने यह बताया कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में रूट मार्च किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी दशा में सड़क पर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी ना ही कोई नई परंपरा की शुरूआत होगी। उन्होंने श्रावण मास में निकलने वाली कावड़ यात्रा को लेकर के भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## दो किशोरों की चाकू गोदकर बेरहमी से हत्या

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बढ़ईपुर गांव में दो किशोरो की चाकू मारकर हत्या कर दी गई।हत्या उस वक्त की गई है जब वह अपने घर से लगभग 200 मीटर दूर शौच करने के लिए गए हुए थे। इसी दौरान किसी ने दोनों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और घटना की छानबीन करने में जुट गए। मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला बढ़ईपुर ग्राम सभा का है। जहां ग्राम प्रधान रामराज बिंद का पुत्र विकास बिंद अपने रिश्तेदारी में आए हुए एक अन्य युवक सुनील बिंद के साथ गांव से लगभग 200मीटर दूर खेत में शौच करने के लिए गया हुआ था। जहां पहले से घात लगाए कुछ युवकों ने पहले ग्राम प्रधान के पुत्र पर चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया उसके बाद रिश्तेदारी में आए हुए युवक को भी चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने मीडिया को बताया कि घटना करीब रात्रि 12 बजे का है मोहम्मदाबाद कोतवाली के बढ़ईपुर ग्राम सभा में 2 लोगों की हत्या करने का मामला सामने आया है । उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान का पुत्र और उनका रिश्तेदार दोनों की उम्र लगभग 15 से 16 साल के बीच में है, जिन की चाकू मारकर हत्या कर दिया गया है । इस मामले में ग्राम प्रधान के द्वारा तहरीर दिया गया है जिसमें गांव के ही एक युवक को नामजद करते हुए 2 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा की तहरीर दी गई है । इसको लेकर पुलिस हत्या के मूल कारणों का पता लगाने में जुट गई है। साथ ही परिजन अभी पूरी तरह से गम में है उनसे भी पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## कोटा में मेडिकल की तैयारी कर रहे जौनपुर के छात्र ने दी अपनी जान

### फोन पर मां से कहा था- यहां मन नहीं लगता

प्रखर जौनपुर। राजस्थान के कोटा शहर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले का छात्र बुधवार शाम फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। परिजनों को सूचना मिलने पर घर में कोहराम मच गया। छात्र ने आत्मघाती कदम उठाने से लगभग चार घंटे पहले अपनी मां से फोन पर बात भी की थी।परिजन कोटा रवाना हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार नेवढ़िया थाना क्षेत्र के भवानीगंज बाजार के पुरुषोत्तम सेठ की बेटी ममता की शादी वाराणसी के चौबेपुर बाजार के शोभनाथ के साथ हुई है। कुछ साल पहले शोभनाथ व्यवसाय के सिलसिले में जौनपुर के इटाए बाजार आकर रहने लगे। यहीं उन्होंने अपना घर भी बनाया। तीन बेटों में सबसे छोटे 17 वर्षीय आदित्य सेठ को हाईस्कूल परीक्षा दिलाने के बाद लगभग चार महीना पहले मेडिकल की तैयारी के लिए कोटा भेज दिया। आदित्य कोटा के विज्ञान नगर में एक हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। बुधवार सुबह लगभग 11 बजे आदित्य ने मां को फोन किया। इस दौरान आदित्य ने बताया था कि उसका कोटा में मन नहीं रहा है। मां ने घर आने के लिए सलाह भी दी थी। लगभग तीन बजे मां ने फिर से फोन किया तो आदित्य ने फोन नहीं उठाया। थोड़ी देर बाद उसकी खुदकुशी की सूचना मिली। इसके बाद तो परिवार में कोहराम मच गया। आदित्य की मां बेसुध हो गई। वहीं भाइयों समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आदित्य का बड़ा भाई दीपक दिल्ली की एक कंपनी में इंजीनियर हैं। आदित्य पढ़ने में होनहार था। इसलिए उसके पिता उसे डॉक्टरी की पढ़ाई की तैयारी के लिए कोटा भेजे थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग शव लेने के लिए कोटा रवाना हो गए। होनहार बेटे की मौत की सूचना से गांव में भी मातम है।

## दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत बाइक सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल

प्रखर गंभीरपुर/आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गंभीरपुर बाजार स्थित गुरुवार की सुबह लगभग 8:00 बजे दो बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई जिसमें एक बाइक पर सवार संतरा देवी 55 वर्ष पत्नी नगेंद्र चौहान निवासी परमेश्वरपुर रानी की सराय व शांति देवी 45 वर्ष पत्नी स्वर्गीय मंगला चौहान निवासी सूरई बुजुर्ग सरायमीर गिरकर घायल हो गई। मेरी जानकारी के अनुसार अहियाई रानी कि सराय निवासी अरुण चौहान पुत्र हरिश्चंद्र बाइक पर संतरा देवी व शांति देवी को बैठाकर दर्शन के लिए जा रहा था बाइक जैसे ही गंभीरपुर बाजार में पहुंची सामने से आ रही बाइक की भिड़ंत हो गई जिससे अरुण की बाइक पर बैठी संतरा देवी व शांति देवी गिरकर घायल हो गई आनन-फानन में अगल बगल के लोग घायल को पीएचसी मोहम्मदपुर ले गए जहां पर डॉक्टरों ने संतरा देवी की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के रेफर कर दिया।

## रवि यादव ने उत्तर प्रदेश में शुरू की फिल्म नीलकण्ठ की शूटिंग

प्रखर दानगंज वाराणसी। यश एन्ड राज एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म नीलकण्ठ की शूटिंग रवि यादव ने उत्तरप्रदेश में मुहूर्त के साथ ही शुरू कर दिया है। फिल्म में चम्बल बॉय रवि यादव व अभिनेत्री आँचल पाण्डेय की मुख्य भूमिका है। अभिनेत्री आँचल पांडेय की यह पहली भोजपुरी फिल्म है। इसके पहले उन्होंने अन्य भाषाओं की फिल्मों में काम किया है। अब वे फिल्म नीलकण्ठ के साथ भोजपुरी फिल्मों में अपने सफर की शुरूआत कर रही हैं। फिल्म नीलकण्ठ एक बड़े बजट की भोजपुरी फिल्म है जिसकी शूटिंग उत्तरप्रदेश में ही विभिन्न लोकेशन्स पर लगभग 40 से 45 दिनों तक चलेगी। इस फिल्म में अभिनेता रवि यादव ने तीन तरह के अलग अलग किरदार प्ले किये हैं। इस बारे में बात करते हुए रवि यादव ने बताया कि तीन तरह के किरदार एक ही फिल्म में निभाना अपनेआप में बहुत बड़ा चैलेंज है। इसके पहले भी रवि यादव कई फिल्मों का हिस्सा रह चुके हैं। फिल्म के निमार्ता राकेश सिंह ने बताया अच्छी फिल्मे बनाने से भोजपुरी समाज मे शुधार होगा और इस फिल्म का फोटो और पोस्टर एक साथ शूटिंग पूरा होने के बाद आउट किया जायेगा। तब तक दर्शक खुद ही अनुमान लगाये कि नीलकंठ कैसी फिल्म बन रही है। नीलकण्ठ की शूटिंग के बारे में बात करते हुए रवि यादव बेहद उत्साहित हो जाते हैं। वो कहते हैं कि विगत 10 सालों के संघर्ष के बाद जाकर आज उन्हें उनके मेहनत का फल नीलकण्ठ के रूप में मिला है। इस फिल्म के बजट के बारे में उन्होंने कहा कि फिल्म में लगभग 3 से 4 करोड़ का बजट लगने वाला है, जो कि अपनेआप में एक बहुत बड़ा बजट है। इसके अलावा रवि यादव कि फिल्में आग और सुहाग, सपनों का सफर, रुद्रदेव भी रिलीज के लिए तैयार हैं जिन्हें शीघ्र ही रिलीज किया जाएगा। फिल्म नीलकण्ठ के निमार्ता हैं यश एन्ड राज एंटरटेनमेंट के राकेश सिंह। इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं रामधीन चौधरी , फाइट मास्टर हैं दिलीप यादव, नृत्य निर्देशक है विवेक थापा, फिल्म नीलकण्ठ के प्रचार प्रसार का जिम्मा संजय भूषण पटियाला का है।



## आरडीबी ग्रुप ऑफ कंपनीज के नए वेंचर अविमुक्त स्पोर्ट्स ने उत्तर प्रदेश के पहले राष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल क्लब इंटर काशी का किया अनावरण



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। आरडीबी ग्रुप ऑफ कंपनीज ने देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर अपने नवीनतम वर्टिकल अविमुक्त स्पोर्ट्स का अनावरण किया और गर्व से उत्तर प्रदेश का पहला राष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल क्लब, इंटर काशी के लांच की घोषणा की` आरडीबी ग्रुप के एक वर्टिकलवाईएमएस फाइनेंस ने एक फुटबॉल क्लब स्थापित करने के लिए बोली लगाई है जो भारतीय फुटबॉल के दूसरे सबसे बड़े स्तर की प्रतियोगिता हीरो आई-लीग में भाग लेगा हालांकि बोली प्रक्रिया के परिणामों की अभी प्रतीक्षा की जा रही है आरडीबी ग्रुप ने भारतीय फुट्बॉल के हितधारकों एवं खिलाड़ी,कोच इत्यादि से सकारात्मक रूप से जुड़ने की लिए इस शिलान्यास समारोह का आयोजन किया` आरडीबी ग्रुप ने देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश में मौजूद अविश्वसनीय क्षमता और तराशे जाने योग्य प्रतिभा को देखते हुए वाराणसी को अपने होम बेस के रूप में चुना है क्योंकि आज उत्तर प्रदेश में कोई राष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल क्लब नहीं है राज्य की स्थानीय घरेलू प्रतिभा अवसरों की तलाश में बाहर जाने के लिए मजबूर है अब इस घरेलू प्रतिभा को निखारने और संवारने की दृष्टि से,आरडीबी ग्रुप ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने वाले एक पेशेवर फुटबॉल क्लब के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से इंटर काशी लॉन्च किया है` इस शुभ अवसर पर वाराणसी में मिन्ट हाउस नदेसर स्थित एक होटल में एक फाउंडेशन समारोह आयोजित किया गया था इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित सामाजिक नेताओं, उद्योग जगत के दिग्गजों, मशहूर हस्तियों और खेल प्रेमियों की गरिमामयी उपस्थिति रही` समारोह की शुरूआत गर्मजोशी से प्रतिष्ठित अतिथियों के स्वागत के साथ हुई इस कार्यक्रम में आरडीबी ग्रुप के प्रमोटर, इंटर काशी के संस्थापक और जैन एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रेनिंग फाउंडेशन (जेएटीएफ) के चेयरमैन एवं रिपब्लिक ऑफ मलावी के मानद कौंसल विनोद दुग्गर ने इस ऐतिहासिक शहर के दिग्गजों की उपस्थिति के बीच आधिकारिक तौर पर इंटर काशी के भव्य लॉन्च की घोषणा की` इस अवसर पर विनोद दुग्गर ने कहा हमें गर्व है कि हमें देश के प्रसिद्ध, ऐतिहासिक और शाश्वत शहर से भारत में सबसे नए फुटबॉल क्लब की शुरूआत करने का अवसर मिला` वाराणसी में हमारे फुटबॉल क्लब, इंटर काशी की स्थापना उस जबरदस्त क्षमता और प्रतिभा का प्रमाण है जो देश में सबसे अधिक आबादी वाले राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश के पास है हमारा उद्देश्य इस प्रतिभा को परिपोषित करने के साथ ही ऐसे प्रतिभाशाली फुटबॉलरों को आगे बढ़ाना है जो विनम्र और सम्मानित इंसानों के रूप में समाज के विकास में भी योगदान दे सकें श्री दुग्गर ने बताया कि इंटर काशी की स्थापना भारतीय फुटबॉल के सभी हित धारकों के साथ सहयोग के लिए एक मंच बनने की दृष्टि से की गई है ताकि इसके परिणामस्वरूप राज्य में मौजूद अपार प्रतिभा का समग्र विकास हो सके।

## जौनपुर शाही ईदगाह में मुल्क के अमन चैन की दुआ के साथ, नमाज सकुशल संपन्न

प्रखर जौनपुर। मछली शहर पड़ाव स्थित ऐतिहासिक शाही ईदगाह में ईद की नमाज हजरत मौलाना अबुल जाहिद सिद्दीकी ने अदा कराई, इस मौके पर अपने खुत्बे में उन्होंने कहा कि यह कुबार्नी सिर्फ जानवर मात्र को कुर्बान करने की एक परंपरा नहीं है बल्कि हमको इस दुनिया में अगर मुसलमान बनकर रहना है तो अपनी हर उस चीज को कुर्बान करना पड़ेगा जिसकी वजह से दूसरों को नुकसान पहुंचे, उन्होंने बताया कि तक्कबुर, घमंड, दिखावा, छल कपट इन सब से दूर रहकर ही एक मुसलमान ,मुसलमान बन सकता है, हमको अपने पड़ोसियों के साथ ,समाज के सभी वर्गों के साथ और अपने देश के प्रति वफादार रहकर ही हम सबसे बड़ी कुबार्नी पेश कर सकते हैं। वही मौलाना अफाक ने बताया की कुरबानी हजरत इब्राहिम व हजरत इस्माइल अलैह सलाम की याद में की जाती है। ईदगाह में नमाज अपने निश्चित समय 8:15 पर हुई जहां हजारों लोगो ने नमाज शांतिपूर्वक पढ़ी। वही ईद की नमाज के मध्यनजर प्रशासन रहा हाई अलर्ट पर ,ड्रोन कैमरे से रखी जा रही थी नजर, नमाज पढ़कर सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर दी बधाई वही जिला अधिकारी अनुज कुमार झा और पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा ने नमाज से पूर्व ईदगाह की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया वहीं बसपा के सांसद श्याम सिंह यादव, सपा नेता श्रवण जयसवाल सहित डीएम ,एसपी व एडीएम ,एसडीएम ने सभी को गले मिलकर ईद की दी बधाई। इस मौके पर कमेटी के मेंबर मोहम्मद शोएब खान, नेयाज ताहिर शेखू,रियाजुल हक,हाजी इमरान आदि मौजूद रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत, शराब के नशे का आदी था अधेड़

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के घमहापुर (भरथरा) गांव स्थित एक पुलिया पर गुरुवार की सुबह एक अधेड़ की लाश लटकते मिली। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान मिले। पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि घमहापुर निवासी किशन राजभर 47 वर्षीय प्रतिदिन की भांति वह रात्रि में घर नही पहुचा तो सुबह टहलने निकले लोग उसे पुलिया पर औंधे मुंह लटके देखने के बाद घर वालों को सूचना दी। परिजन ने इसकी सूचना पुलिस को दी । मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उसके चेहरे पर चोट के निशान थे। वही सूत्रों के मुताबिक वह शराब पीने का आदी था। वह बुधवार को भी शराब पीने के बाद शराब ठीके के पास स्थित पुलिया पर बैठा था। लेकिन सुबह उसकी लाश मिली। लेकिन चेहरे पर चोट के निशान मौत को संदिग्ध बना रहे थे। वही चौकी इंचार्ज नंदलाल कुशवाहा ने बताया कि वह शराब का आदी था और सम्भवतः अत्यधिक शराब पीने से मौत हुई है। पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

### सत्यप्रकाश सोनकर को प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी बनाया गया



प्रखर वाराणसी। समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी की राष्ट्रीय कमेटी की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के स्वीकृति से समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने अपने राष्ट्रीय कमेटी की घोषणा किया। कमेटी ने वाराणसी निवासी सत्यप्रकाश सोनकर को प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। सत्यप्रकाश सोनकर उसके पहले पार्टी में नगर सचिव , युवजनसभा प्रदेश सचिव, युवजनसभा वाराणसी महानगर अध्यक्ष के साथ समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी में राष्ट्रीय महासचिव के पद पर कार्य कर चुके हैं। सत्यप्रकाश सोनकर के मनोनयन पर जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ , महानगर अध्यक्ष दिलीप डे , एमएलसी आशुतोष सिन्हा, पूर्व पार्षद वरुण सिंह, संजय यादव , पार्षद दल नेता अमरदेव यादव , हारून अंसारी , पूर्व मंत्री बहादुर यादव , पार्षद रामकुमार यादव राजू , योगेंद्र आर्या , सचिन यादव , डा0 प्रमोद यादव , आशीष राय , अशोक यादव , उमेश सोनकर गब्बर , बाबूलाल यादव , किशन कन्नौजिया सहित समाजवादियों ने हर्ष व्यक्त किया ।

### जनपद भर में अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज, एक दूजे को गले लगा कर दी बधाई



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद भर में कुबार्नी का त्यौहार बकरीद शांतिपूर्वक गंगा जमुनी तहजीब के साथ मनाया गया। गाजीपुर शहर, सैदपुर, कासिमाबाद, जमानिया, जखनिया, आदि क्षेत्रों में लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की। साथ ही लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर बधाइयां दी और अमन-चैन के लिए दुआएं मांगी। वही बच्चों में त्यौहार को लेकर खासी उत्साह देखा गया। गाजीपुर शहर के अलावे जिले के विभिन्न क्षेत्रों के ईदगाहो में आज ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई।इसके बाद प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थानों पर कुबार्नी का दौर शुरू हो गया। लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दिया। वहीं प्रशासन ने एहतियातन सुरक्षा के दृष्टि से चक्रमण कर लोगों को आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। मुस्लिम समुदाय के लोग और बच्चे नए कपड़े पहन का त्योहार की खुशियां मनाते नजर आए।

### नेपाल में पाँच बच्चों ने गोल्ड जीत बढ़ाया देश का मान

प्रखर भदोही। ज़िलाधिकारी गौरांग राठी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नेपाल में आयोजित एशियन कराटे चैंपियनशिप गोल्ड और सिल्वर जीतने वाले बच्चों को में सम्मानित किया। पाँच बच्चों ने गोल्ड जीतकर देश का मान बढ़ाया है। एशियन कराटे चैंपियनशिप में अंशिका दुबे ने गोल्ड जीता है। जबकि औराई की श्रृष्टि ने सिल्वर जीतकर देश का मान नेपाल में बढ़ाया। ज़िलाधिकारी ने इन सभी को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया और कहा की जनपद के कोने-कोने में छिपे प्रतिभा को निखारा जाएगा और इन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। इस मौके पर कराटे ट्रेनर और टीम इंडिया के कैप्टन आदर्श शुक्ला को भी सम्मानित किया। एकेडमी के चेयरमैन डीएम सिंह गहरवार ने कहा की ऐसे बच्चों को मुफ़्त शिक्षा का अधिकार मिले और ज़िला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए आगे प्रोत्साहन के लिए आग्रह किया। इस मौके पर खिलाड़ी सृजन ,आर्यन ,सक्षम भी मौजूद रहे।




प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं